गुरुवार, 25 दिसम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 14 – 23 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 06:13 | सूर्यास्त: 16:59 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : महानता हर बार गिरकर उठ जाने में होती है।



कोहली ने लिस्ट ए में सबसे तेज 16000 रन बनाकर तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा पृष्ठ 8




# अंतरिक्ष में इसरो ने रचा इतिहास



## 'बाहुबली' प्रक्षेपण यान ने 6,000 किलोग्राम वजनी अमेरिकी उपग्रह को कक्षा में स्थापित किया

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) :** क्रिसमस से पहले, एक ऐतिहासिक मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सबसे भारी प्रक्षेपण यान 'एलवीएम-3 एम6' ने एक अमेरिकी संचार उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में बुधवार को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया जिसे अंतरिक्ष एजेंसी प्रमुख ने देश के लिए तोहफा करार दिया। प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 एम6 ने 6,100 किलोग्राम वजनी 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' मिशन का उद्देश्य उपग्रह के जरिए सीधे मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। यह नेटवर्क कहीं भी, कभी भी, सभी के लिए 4जी और 5जी वॉयस-वीडियो कॉल, संदेश, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध कराएगा। प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 एम6 को अत्यधिक भार ले जाने की उसकी क्षमता के कारण 'बाहुबली' नाम भी दिया गया है। इसरो ने कहा कि 'एलवीएम3-एम6' ने सटीक प्रक्षेपण प्रक्रिया के तहत उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया। यह मिशन 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' (एनएसआईएल) और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए वाणिज्यिक समझौते के तहत संचालित किया गया।

एनएसआईएल, इसरो की वाणिज्यिक इकाई है। चौबीस घंटे की उल्टी गिनती पूरी होने के बाद दो एस-200 ठोस बूस्टर से युक्त 43.5 मीटर लंबा यान चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व स्थित इस अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण 'पैड' से सुबह आठ बजकर 55 मिनट पर रवाना हुआ। करीब 15 मिनट की उड़ान के बाद 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' प्रक्षेपण यान से अलग हो गया और इसे सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर दिया गया जिसके बाद यहां मिशन नियंत्रण केंद्र तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

### सफल प्रक्षेपण से गगनयान कार्यक्रम को लेकर आत्मविश्वास बढ़ा : इसरो प्रमुख

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि एलवीएम3-एम6 रॉकेट के जरिये ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह के सफल प्रक्षेपण से भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान को लेकर आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। उन्होंने एलवीएम3 रॉकेट की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया, जिसका उपयोग महत्वाकांक्षी गगनयान कार्यक्रम में किया जाएगा। यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षा में भेजने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के विरोध में राज्यभर में प्रदर्शन

## हावड़ा में प्रदर्शन के दौरान पुलिस और भाजपा समर्थकों के बीच हुई हाथापाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े एक व्यक्ति की हत्या के विरोध में बुधवार को राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा के कई भूमि पत्तनों पर एक हिंदू समर्थक संगठन के सदस्यों ने प्रदर्शन किए। हावड़ा जिले में प्रदर्शन के दौरान पुलिस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प भी हुई। टकराव उस वक्त शुरू हुआ जब पुलिस ने भाजपा के मार्च को हावड़ा पुल तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया, जिससे प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच तीखी बहस हुई। हावड़ा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम किसी को भी लोगों के सामान्य जनजीवन में बाधा डालने और प्रदर्शन के नाम पर यात्रियों को परेशान करने की अनुमति नहीं देंगे। किसी भी प्रकार की परेशानी पैदा करने के प्रयास को रोकने के लिए हम कानून के अनुसार कार्रवाई करेंगे। पुलिस ने जैसे ही मार्च को आगे बढ़ने से रोका, प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और अवरोधक तोड़ने का प्रयास किया जिससे झड़पें हुईं। पुलिस ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी आक्रामक हो गए, जिसके कारण सुरक्षा कर्मियों को उन्हें तितर-बितर करने के लिए कार्रवाई करनी पड़ी। सनातनी ऐक्य परिषद के सदस्यों ने पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार होने का आरोप लगाते हुए उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल और घोजाडांगा बंदरगाहों, मालदह के मनोहरपुर मुचिया और कूचबिहार जिले के चांगराबांधा में प्रदर्शन किए। उत्तर 24 परगना में भाजपा विधायक अशोक कीर्तनिया ने जयंतपुर बाजार से पेट्रापोल सीमा की ओर एक जुलूस का नेतृत्व किया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने प्रदर्शनकारियों को 'जीरो प्वाइंट' के पास रोक दिया और उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए अवरोधक लगाए। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। घोजाडांगा सीमावर्ती भूमि पत्तन पर भी इसी तरह के प्रदर्शन की खबरें आईं। मालदह के मनोहरपुर सीमावर्ती क्षेत्र में हिंदू समुदाय के सदस्यों ने 'खोल' और 'करताल' जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते हुए एक प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया।

## संसद परिसर में स्मार्ट चश्मे, पेन कैमरा और स्मार्ट घड़ियों का उपयोग न करें सांसद: लोकसभा सचिवालय

**नयी दिल्ली :** लोकसभा सचिवालय ने सांसदों से संसद परिसर में स्मार्ट चश्मे, स्मार्ट पेन और स्मार्ट घड़ियों जैसे डिजिटल उपकरणों का उपयोग नहीं करने का बुधवार को आग्रह किया क्योंकि इससे उनकी गोपनीयता से समझौता हो सकता है और संसदीय विशेषाधिकार का उल्लंघन भी हो सकता है। लोकसभा के एक बुलेटिन ने संसद सदस्यों को इस बारे में याद दिलाया कि स्मार्ट चश्मे, पेन कैमरा और स्मार्ट घड़ियां जैसे उन्नत उपकरण अब देश में व्यापक रूप से उपलब्ध हैं। इसमें आगाह किया गया है कि इनमें से कुछ उपकरणों का उपयोग सदस्यों की गोपनीयता से समझौता करने और संसदीय विशेषाधिकारों का उल्लंघन करने के लिए किया जा सकता है। बुलेटिन में कहा गया है, सदस्यों से अनुरोध है कि वे किसी भी तरह से ऐसे उपकरणों का उपयोग करने से बचें जो संसद भवन के किसी भी हिस्से में सदस्यों की सुरक्षा, विशेषाधिकार और गोपनीयता से समझौता कर सकते हैं।

# बंगाल विधानसभा का शीतकालीन सत्र जनवरी 2026 में शुरू होगा : स्पीकर बिमान बनर्जी



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा का शीतकालीन सत्र, जो पहले दिसंबर 2025 में प्रस्तावित था, अब जनवरी 2026 के पहले पखवाड़े में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने बुधवार को विधानसभा परिसर में आयोजित फूलों की प्रदर्शनी यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस बार सत्र में देरी का मुख्य कारण राज्य में चल रही एसआईआर प्रक्रिया है। अध्यक्ष के मुताबिक, एसआईआर के तहत मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का काम चल रहा है और अधिकांश विधायक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में इससे जुड़े कार्यों में व्यस्त हैं। इसी वजह से कई विधायकों ने शीतकालीन सत्र को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। अध्यक्ष ने कहा कि इसलिए तय किया गया है कि शीतकालीन सत्र जनवरी के पहले पखवाड़े में कराया जाए, जब ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियों की सुनवाई लगभग पूरी हो जाएगी।

# चांदी 2.27 लाख रुपये प्रति किग्रा के नए शिखर पर

**नयी दिल्ली :** बाजार में बुधवार को चांदी की कीमतें 9,750 रुपये बढ़कर 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं, जबकि विदेशी बाजारों में चांदी 72 डॉलर प्रति औंस के स्तर को लांघ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। मंगलवार को, चांदी 2,17,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सर्राफा की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से हाजिर चांदी 72 डॉलर के स्तर को लांघ गई। कैलेंडर वर्ष के दौरान, 31 दिसंबर, 2024 को रिकॉर्ड किए गए 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से चांदी की कीमत 1,37,300 रुपये या 153.06 प्रतिशत बढ़ गई है।

# केंद्र सरकार ने अरावली में नये खनन पट्टों पर प्रतिबंध लगाया

## संरक्षित क्षेत्र का विस्तार होगा

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने बुधवार को राज्यों को अरावली पर्वतमाला में नये खनन पट्टे देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) को पूरे अरावली क्षेत्र में अतिरिक्त क्षेत्रों और जोन की पहचान करने का निर्देश दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''यह प्रतिबंध पूरे अरावली भूभाग पर समान रूप से लागू होता है और इसका उद्देश्य पर्वत श्रृंखला की अखंडता को संरक्षित करना है। इन निर्देशों का लक्ष्य गुजरात से लेकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) तक फैली एक सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली की रक्षा करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है।''

## सीबीआई उन्नाव बलात्कार मामले में सेंगर की सजा के निलंबन को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उन्नाव बलात्कार मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा के निलंबन और जमानत के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय की एक पीठ के आदेशों का अध्ययन करने के बाद यह निर्णय लिया गया। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशों के खिलाफ जल्द से जल्द उच्चतम न्यायालय के समक्ष याचिका दायर करने का निर्णय लिया गया है। उच्च न्यायालय ने सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने के बाद उसे जमानत दे दी। हालांकि, सेंगर जेल में ही रहेगा, क्योंकि वह बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत से जुड़े मामले में 10 साल की सजा भी काट रहा है। सेंगर ने अपनी उम्रकैद की सजा के खिलाफ अपील दायर की थी, जिसका सीबीआई और पीड़िता के परिवार ने उच्च न्यायालय में कड़ा विरोध किया था।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली में तीन नये मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी दी

## दिल्ली मेट्रो के तीन नए गलियारों से राष्ट्रीय राजधानी के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी : मोदी




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बुनियादी ढांचे को मजबूती देने की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए दिल्ली मेट्रो के तीन नये कॉरिडोर को मंजूरी प्रदान की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। ये तीनों कॉरिडोर दिल्ली मेट्रो के चरण-5 (ए) परियोजना का हिस्सा हैं, जिसकी कुल लंबाई 16.076 किलोमीटर होगी। सबसे महत्वपूर्ण आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक 9.91 किलोमीटर लंबे सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है। यह गलियारा लुटियंस दिल्ली क्षेत्र में स्थित कर्तव्य भवनों, केंद्रीय सचिवालय, इंडिया गेट, भारत मंडपम, राष्ट्रीय समर स्मारक और अन्य प्रमुख प्रतिष्ठानों को सीधे मेट्रो नेटवर्क से जोड़ेगा। सरकार के अनुसार, इस कॉरिडोर से प्रतिदिन करीब 60 हजार कार्यालयकर्मियों और लगभग दो लाख आगंतुकों को लाभ मिलेगा। इस खंड में आरके आश्रम मार्ग, शिवाजी स्टेडियम, केंद्रीय सचिवालय, कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, समर स्मारक-उच्च न्यायालय, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम और इंद्रप्रस्थ स्टेशन शामिल होंगे। इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने एयरोसिटी से आईजीडी एयरपोर्ट टर्मिनल-1 (2.263 किमी) और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज (3.9 किमी) कॉरिडोर को भी मंजूरी दी है। सरकार के अनुसार, चरण-5 (ए) की कुल परियोजना लागत 12,014.91 करोड़ रुपये है, जिसे केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषण एजेंसियों के सहयोग से पूरा किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इन परियोजनाओं से मेट्रो नेटवर्क में 16 किलोमीटर की अतिरिक्त लंबाई और 13 नये स्टेशन जुड़ेंगे, जिनमें 10 भूमिगत और तीन एलिवेटेड होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इन नये कॉरिडोर से दिल्ली के मेट्रो नेटवर्क का विस्तार होगा, यातायात जाम कम होगा और 'जीवन जीने की सुगमता' बढ़ेगी। सरकार ने कहा कि इन विस्तारों से प्रदूषण में कमी आएगी और राजधानी की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।



## सरकारी सख्ती से बंद होगा मारक खेल

शायद ही कोई दिन ऐसा जाता होगा जब कोई बुजुर्ग या आम लोग साइबर ठगी के शिकार न हुए हों। पिछले दिनों महाराष्ट्र में एक सेवानिवृत्त जज भी डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार हो गए। पिछले सप्ताह ऐसा ही एक अन्य दुखद मामला पुणे से सामने आया जब साइबरों ठगों ने एक 82 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजिटल हाउस अरेस्ट स्कैम में फंसाकर 1.19 करोड़ लूट लिए। कई दिन के मानसिक उत्पीड़न व आर्थिक क्षति से टूट गए वृद्ध की आखिर सदमे से मौत हो गई। यह विचारणीय पहलू है कि कैसे पढ़े-लिखे लोग साइबर ठगों की साजिश की गिरफ्त में आ जाते हैं। वैसे आम आदमी को साइबर ठगों व फर्जी फोन कॉल्स से बचाने के लिये पुख्ता व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। आम लोगों की सुविधा व सुरक्षा के लिये सरकार के प्रयासों के बाद अब दूरसंचार विभाग ने मार्च 2026 में ऐसी व्यवस्था लागू करने के तैयारी की, जिसमें बिना ट्रू-कॉलर के खुद मोबाइल अवांछित फोन के प्रति सजग करेगा। नियामक संस्था ट्राई ने इस प्रस्ताव पर सहमति जतायी है। यह विडंबना ही कि जैसे-जैसे नई तकनीक आम आदमी के जीवन में सुविधा लाती है, वहीं असामाजिक तत्व उसे लूट-खसोट का हथियार बनाने में आगे निकल जाते हैं। देश में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार और मोबाइल फोन की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के साथ ही साइबर अपराधों में खासी तेजी आई है। जरा सी चूक होने पर लाखों लोग, साइबर धोखाधड़ी में अपने जीवनभर की पूंजी कुछ ही क्षणों में गवां देते हैं। अपराधियों का संजाल इतना विस्तृत व रहस्यमय है कि प्रवर्तन एजेंसियां जब तक उन तक पहुंचती हैं, पैसा विदेशों में ट्रांसफर हो जाता है। इस संकट का एक पहलू अनजान नंबरों से आने वाली फोन कॉल्स होती हैं, जिसके जरिये अपराधी लोगों को भ्रमित कर जीवन की जमा पूंजी लूट लेते हैं। दरअसल, संचार क्रांति के चलते तमाम सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हुई हैं, लेकिन इस सुविधा के साथ पुरानी पीढ़ी साम्य नहीं बैठा पाती है।

अब इसी चुनौती को दूर करने के लिये दूरसंचार विभाग आम उपभोक्ता को ऐसी सुविधा देने जा रहा है, जिसमें फोन करने वाले को पहचाना जा सकेगा। फोन पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम लिखा नजर आएगा। फिर व्यक्ति अपनी सुविधा अनुसार फोन कॉल्स लेना तय कर सकता है। दूरसंचार नियामक ट्राई की मंजूरी के बाद इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। हालांकि, फोन करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने के कई ऐप अभी भी मौजूद हैं, लेकिन उनका उपयोग कुछ ही लोग कर पाते हैं। वैसे ऐसा निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि ऐप द्वारा दी जाने वाली सूचना सटीक है। ऐसे में यदि दूरसंचार विभाग की कोशिश सिरे चढ़ती है तो इससे करोड़ों उपभोक्ताओं को सुरक्षा कवच मिल पाएगा। पहले इस सुविधा का लेना मांग पर आधारित था, लेकिन बाद में तय किया गया कि यह सुविधा प्रत्येक मोबाइल उपयोगकर्ता को उपलब्ध करायी जाएगी। विश्वास किया जा रहा है कि अगले साल मार्च तक पूरे देश में यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जानकारों का मानना है कि इस सुविधा से किसी सीमा तक मोबाइल के जरिये धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों पर नकेल कसी जा सकेगी। मोबाइल उपयोगकर्ता की सजगता इसमें मददगार हो सकेगी। स्क्रीन पर अनजान नंबर व नाम देखने के बाद मोबाइलधारक फोन कॉल्स को उठाने से बच सकता है। वैसे इसके साथ ही देश में डिजिटल साक्षरता की दिशा में व्यापक पहल करने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों के जरिये लोगों को सजग-सतर्क किए जाने की आवश्यकता है। शहरों से लेकर ग्राम पंचायतों तक जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को बताया जाना चाहिए कि बैंक, सीबीआई, कोर्ट या अन्य प्रवर्तन एजेंसियां कभी फोन करके उनके बैंक खाते या अन्य मामलों की जानकारी नहीं मांगती हैं। ऐसे फर्जी कॉल्स की प्रमाणिकता की पुष्टि करने के लिये हेल्पलाइन सुविधाओं में विस्तार करने की भी जरूरत है। देश में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को भी बाध्य किया जाना चाहिए कि वे उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करके संदिग्ध फोन नंबरों के प्रति सचेत करें।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 दिसम्बर, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष शुक्लपक्ष पंचमी, 13:39 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 08:08 तक, योग : वज्र, 15:04 तक, सूर्योदय: 06:13, सूर्यास्त: 16:59, चन्द्रोदय : 09:57, चन्द्रास्त: 21:43, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 12:56 से 14:15

## राशिफल

**मेष :** जीवन साथी का सहयोग और निकटता प्राप्त होगी। राशि का स्वामी मंगल-नीच राशि की संगति में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी।

**वृष :** आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** राशि स्वामी की व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। रात्रि में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

**कर्क :** चंद्रमा अष्टम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है।

**सिंह :** राशि का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। इससे आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे।

**कन्या :** राशि स्वामी बुध भाग्य वृद्धि कर रहे हैं। रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा।

**तुला :** आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है।

**वृश्चिक :** आपकी राशि पर पंचम शनि और षष्ठम भाव चंद्र योग अभी सात दिन और चलेगा। फलस्वरूप कुछ आंतरिक विकार जैसे-वायु-मूत्र-रक्त जड़ जमा रहे हैं।

**धनु :** आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है।

**मकर :** आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयोग लाभदायक होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग पर्याप्त मिलेगा।

**कुम्भ :** आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि क्योंकि मार्गी उदय चल रहा है। ऐसे में निर्मूल विवाद हो सकता है। सावधान रहें और झगड़े से बचें।

**मीन :** आज के दिन पारिवारिक जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें। इससे सम्बन्ध खराब होने का खतरा बना रहेगा।

# सरकारी जमीन या पौराणिक स्थल पर कब्जे के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई होकर रहेगी : योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि यदि कोई व्यक्ति सरकारी जमीन या किसी पौराणिक स्थल पर कब्जा करेगा तो उसके खिलाफ सरकार का बुलडोजर जरूर चलेगा और उसे कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर हर व्यक्ति को न्याय दिलाया है और प्रदेश में बने सुरक्षा के माहौल ने ही उत्तर प्रदेश को लेकर दुनिया का नजरिया बदला है। विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई माफिया सरकारी जमीन पर कब्जा कर जबरन शॉपिंग मॉल बनाए या कोई व्यक्ति अनैतिक गतिविधियों में लिप्त पाया जाए, तो उस पर बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा का वातावरण सभी के लिए जरूरी है और इसी ने प्रदेश की छवि बदली है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय से मुखातिब होते हुए आदित्यनाथ ने कहा, मैं समाजवादी पार्टी और विपक्ष से कहना चाहूंगा कि इधर-उधर की बातें मत कीजिए, यह बताइए कि काफिला क्यों लुटा? मुख्यमंत्री ने कहा, ''समाजवादी पार्टी तितर-बितर और अस्त-व्यस्त हो चुकी है और उसने पूरे प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया। उसने अराजकता का जो तांडव खड़ा किया था उसके लिए कौन दोषी था? दुर्दांत माफिया और अपराधियों के प्रति सरकार की क्या नीति होनी चाहिए, सरकार ने वह करके भी दिखाया है।''

### अटल बिहारी वाजपेयी ने छह दशकों तक भारतीय राजनीति को नयी ऊंचाई प्रदान की

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छह दशकों तक भारतीय राजनीति में मूल्यों और आदर्शों का समावेश करते हुए इसे नयी ऊंचाई प्रदान की। रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ यहां अटल गीत गंगा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर अटल महानायक पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा, अटल जी ने छह दशकों तक भारतीय राजनीति को मूल्यों और आदर्शों के साथ नयी ऊंचाई प्रदान की। राजनीतिक जुड़ाव जिस भी पार्टी से हो, नेता ईमानदारी बनाए रखते हुए अपनी छाप छोड़ सकते हैं।

## कर देने वाले उपभोक्ताओं को पूरा लाभ और न्याय मिलना चाहिए: सम्राट चौधरी



**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि आम नागरिक जब वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सहित किसी भी रूप में कर अदा करता है, तो उसे उपभोक्ता के रूप में पूरा लाभ और न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कर चुकाने के बाद उपभोक्ताओं के साथ किसी भी स्तर पर अन्याय स्वीकार्य नहीं है। उपभोक्ता दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी व्यवस्था ने देश में कर संग्रह को पारदर्शी और पूरी तरह प्रौद्योगिकी-आधारित बनाया है। उन्होंने कहा कि कर प्रणाली में प्रौद्योगिकी का इससे बेहतर उपयोग संभव नहीं था, जिसके परिणामस्वरूप केंद्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। चौधरी ने कहा, ''बिहार जैसे राज्य, जहां बड़ी संख्या में उपभोक्ता हैं, वहां उनके अधिकारों की रक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उपभोक्ता फोरम में आज भी कई ऐसी शिकायतें आती हैं, जिनके माध्यम से उपभोक्ताओं को और अधिक राहत दी जा सकती है।''

**अगले तीन महीनों में अपराधियों को बिहार से भागने के लिए मजबूर कर देंग**

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को दावा किया कि वह अगले तीन महीनों में अपराधियों को बिहार से भागने के लिए मजबूर कर देंगे। पटना में एक कार्यक्रम में चौधरी ने कहा कि उन्होंने पहले ही कुछ कचरा साफ कर दिया है। 'कचरा' उनके द्वारा अपराधियों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक रूपक है। उन्होंने कहा, और जो लोग नहीं भागे हैं, अगले तीन महीनों में मैं उन्हें भागने के लिए मजबूर कर दूंगा। गृह विभाग के प्रभारी चौधरी ने कहा कि उन्होंने राज्य में सफाई अभियान शुरू किया है।

### मऊ में वैज्ञानिकों को धमकी देने के मामले में गैंगस्टर को छह माह की सजा

**मऊ :** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में कुशमौर स्थित अनुसंधान केंद्र में वैज्ञानिकों को धमकाने के एक मामले में गैंगस्टर रमेश सिंह को न्यायालय ने छह माह की सजा सुनाई है। वर्ष 2009 में अनुसंधान केंद्र के निदेशक सुशील सिंह ने रमेश सिंह के खिलाफ धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट केपी सिंह ने रमेश सिंह को दोषी करार देते हुए छह माह के कारावास की सजा सुनाई और 10,000 रुपये का अर्थदंड लगाया है। इसके बाद अदालत ने रमेश सिंह को जमानत भी दे दी। उन्होंने बताया कि रमेश सिंह पर वैज्ञानिकों को धमकाने, पुलिस को धमकाने और कई अन्य संगीन अपराध से जुड़े मामले दर्ज हैं। इनमें एक जेलर हत्याकांड से भी जुड़ा मामला शामिल है।

### पावर डिस्ट्रीब्यूशन में एआई-एमएल नवाचार के लिए अप्रावा एनर्जी को राष्ट्रीय पुरस्कार

**मुंबई, समाज्ञा :** भारत में पावर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में अप्रावा एनर्जी को बड़ा सम्मान मिला है। विद्युत मंत्रालय ने रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में अप्रावा एनर्जी के एआई-एमएल आधारित सॉल्यूशन को रनर-अप अवार्ड से सम्मानित किया। यह पुरस्कार केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रदान किया। अप्रावा एनर्जी ने एएमआईएसपी कैटेगरी में 'डिस्कॉम जीपीटी (ग्रिड.)' सॉल्यूशन पेश किया, जिसे वर्कऑनग्रिड के साथ मिलकर विकसित किया गया है। यह जनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग पर आधारित प्लेटफॉर्म बिजली वितरण कंपनियों को ग्रिड एफिशिएंसी बढ़ाने, फॉल्ट की पहले पहचान करने, बेहतर लोड प्लानिंग और उपभोक्ता संतुष्टि सुधारने में मदद करता है।अप्रावा एनर्जी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि यह सम्मान भारत में स्मार्ट, भरोसेमंद और डेटा-आधारित पावर डिस्ट्रीब्यूशन के भविष्य की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## नीतीश कुमार ने स्वास्थ्य विज्ञान व अभियंत्रण विश्वविद्यालय के निर्माण में तेजी लाने का दिया निर्देश



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राज्य की राजधानी पटना के मीठापुर क्षेत्र में बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन परिसरों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता किए बिना कार्य को तेजी से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि राज्य के छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय प्रौद्योगिकी और पेशेवर शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में न जाना पड़े, इसी उद्देश्य से इन दोनों विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समयबद्ध ढंग से काम पूरा करने और आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन तैयार करने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत बुनियादी ढांचा युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाता है। बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का परिसर आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। करीब 27,567 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बन रहे इस विश्वविद्यालय में प्रशासनिक-सह-शैक्षणिक भवन, परीक्षा कक्ष, औषधालय, बहुउद्देशीय मंच, प्रतीक्षालय, सूचना केंद्र, नामांकन शाखा, कुलपति कक्ष तथा प्रशिक्षण-सह-स्थापन शाखा जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं।

### एआई प्लस ने पेश किए नोवा पॉड्स, कानों से होगी हार्टबीट ट्रैकिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** एआई प्लस ने अपने पहले ऑडियो प्रोडक्ट 'नोवा पॉड्स' की घोषणा की है, जो 2026 की पहली तिमाही में लॉन्च होंगे। शुरुआती कीमत 1,000 रुपये से कम रखी गई है। यह सीरीज ब्रांड के कनेक्टेड डिवाइस इकोसिस्टम में एक नया वियरेबल ऑडियो अनुभव जोड़ेगी। नोवा पॉड्स सीरीज में गो, एयर, प्रो, बीट्स और क्लिप्स शामिल हैं। जहां गो और एयर मॉडल कंफर्ट और पोर्टेबिलिटी पर फोकस करते हैं, वहीं प्रो मॉडल एक्टिव नॉइज कैंसलेशन के साथ प्रीमियम साउंड देगा। खास बात यह है कि नोवा पॉड्स बीट्स में हार्ट रेट ट्रैकिंग और डजि2 मॉनिटरिंग जैसे हेल्थ फीचर्स दिए गए हैं। एआई प्लस के सीईओ माधव सेठ ने कहा कि नोवा पॉड्स यूजर्स को किफायती दाम में कंफर्ट, परफॉर्मेंस और हेल्थ का स्मार्ट अनुभव देंगे। यह प्रोडक्ट जनवरी 2026 में फ्लिपकार्ट और चुनिंदा ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होगा।

### झारखंड के नौ जिलों में शीतलहर, गुमला में तापमान चार डिग्री से नीचे

**रांची :** झारखंड के कुछ हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप बना हुआ है और राज्य के नौ जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। रांची मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार बोकारो, कोडरमा, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, पाकुड़ और सिमडेगा में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया।

## अरावली से कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी: भजनलाल शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को अरावली मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा और पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार के कामों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अरावली पर्वतमाला पर अपनी पार्टी के पिछले फैसलों, खासकर 2002, 2003, 2009 और 2010 में तय की गई परिभाषाओं, की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा,''हम गिरिराज जी के भक्त हैं और हम उनकी पूजा करते हैं। हम कैसे काम कर रहे हैं, इसकी चिंता मत करिए। अपने खुद के कामों को देखिए।'' शर्मा ने कहा कि कांग्रेस राज के दौरान अवैध खनन के खिलाफ साधु संतों ने 551 दिनों तक विरोध प्रदर्शन किया था।

## उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता ने सेंगर की सजा निलंबित किए जाने के फैसले को परिवार के लिए 'काल' बताया



**उन्नाव/बलिया/नयी दिल्ली :** उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित किए जाने के फैसले को अपने परिवार के लिए 'काल' करार देते हुए बुधवार को कहा कि वह इस निर्णय को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगी। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए पीड़िता ने दिल्ली से फोन पर 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि उसके परिवार के सदस्यों, वकीलों और गवाहों की सुरक्षा पहले ही हटा ली गई थी और अब सेंगर की सजा निलंबित किए जाने के फैसले ने उनके डर को और बढ़ा दिया है। पीड़िता ने कहा, ऐसे मामलों में अगर आरोपी को जमानत मिल जाती है तो देश की बेटियां कैसे सुरक्षित रहेंगी? हमारे लिए यह फैसला काल (मौत) से कम नहीं है। पीड़िता ने कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगी। पीड़िता ने दुख जताते हुए कहा, जिनके पास पैसा होता है, वे जीतते हैं और जिनके पास पैसा नहीं होता, वे हार जाते हैं।

## नितिन नवीन ने पटना साहिब में मत्था टेका, दो मंदिरों में की पूजा-अर्चना



**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने गृह राज्य बिहार के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन बुधवार को पटना साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेका व दो मंदिरों में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह देर शाम दिल्ली रवाना हो गए। नितिन नवीन ने सिखों के 10वें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब में मत्था टेका। इस अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल तथा पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इससे पहले, भाजपा की प्रदेश इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सरावगी और अन्य नेताओं के साथ नितिन नवीन ने शहर के बांस घाट के पास स्थित सिद्धेश्वरी काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने ऐतिहासिक गोलघर के पास स्थित मां अखंडवासिनी मंदिर में भी दर्शन किए। भाजपा की बिहार इकाई के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने संवाददाताओं को बताया, पदभार ग्रहण करने के बाद बिहार के पहले दौरे पर मंगलवार को नितिन नवीन का भव्य स्वागत किया गया। बुधवार सुबह उन्होंने काली मंदिर में दर्शन किए, जो हम सभी के लिए आस्था का केंद्र है, और गोलघर के पास स्थित मंदिर में भी पूजा की।'' भाजपा द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नवीन ने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंट-दो (बीएलए-दो) सदस्यों और मंडल कोर टीम की बैठक की अध्यक्षता भी की। इसमें कहा गया कि बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए भविष्य की रणनीतियों व उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

## राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़े जाएंगे राज्य के उत्पाद : बिहार के उद्योग मंत्री

**पटना :** बिहार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने बुधवार को कहा कि हस्तशिल्प के प्रचार-प्रसार के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए, ताकि राज्य के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ा जा सके। उद्योग विभाग के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि बिहार के पारंपरिक उद्योगों, हस्तशिल्प तथा सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को आधुनिक तकनीक, बेहतर विपणन और सशक्त नीतिगत समर्थन के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में बिहार को औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर सशक्त बनाया जा रहा है। बैठक के दौरान उद्योग मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ हस्तकरघा एवं रेशम उद्योग, खादी ग्रामोद्योग तथा उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान से संबंधित प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, वित्तीय और भौतिक उपलब्धियों, मानव संसाधन की स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. जायसवाल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि विभाग में रिक्त पदों के बारे में सूचना भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए ताकि भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा सके। इससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही प्रशासनिक बाधाओं को दूर किया जा सके।

## वर्ग पहेली नं. 3302



*बायें से दायें:-* 1) उपयुक्त, 4) विलासप्रिय, 7) ईंधन, 9) कठिनाई; गर्मजोशी, 10) निर्झर, 11) एक पक्षी, 13) देह, 14) उत्तरदायी, 16) लड़ाई, 17) किस समय, 18) ध्वज, 19) घड़ा, 21) व्यर्थ की बातें, 23) खोपड़ी, 25) सदृश, 27) महकना, 28) माँगना, 29) एक पांडव.

*ऊपर से नीचे:-* 1) दुविधा; चिंता, 2) योजनायुक्त, 3) भीगा हुआ, 4) चश्मा, 5) चाँद, 6) रविवार, 8) ज़बान; उक्ति, 12) उचित; योग्य, 15) प्रविष्ट, 16) जवान, 17) स्वर्ण, 18) घोड़ा; सिंह, 19) लेखनी, 20) एक वाद्य, 21) गाय का मादा शिशु, 22) भावना; इच्छा; कामना, 24) मनोक्षिप्त, 26) खदान.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3260

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 5 | | | 1 | 9 | | 6 |
| 4 | | | 6 | 2 | | | 3 | |
| | | | | | 9 | 1 | | |
| 9 | | | | | 8 | | | |
| | 4 | 3 | | 9 | | | | |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| | | | 8 | | 4 | | | |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3259 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 5 | 2 | 9 | 3 | 6 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 2 | 3 | 5 | 9 | 8 | 1 | 6 | 4 | 7 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 |

# हिंसा-भ्रष्टाचार की दोहरी चुनौती से जूझ रहा बंगाल : राज्यपाल बोस

❑ जेयू के दीक्षांत समारोह में पहुंचे राज्यपाल, कहा... 'कैंपस को अवांछित तत्वों से मुक्त रखने की आवश्यकता



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बुधवार को राज्य की कानून-व्यवस्था और शैक्षणिक माहौल पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान में बंगाल 'हिंसा' और 'भ्रष्टाचार' की दोहरी चुनौतियों से जूझ रहा है। जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के 68वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में शिरकत करने पहुंचे राज्यपाल ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को इन बुराइयों और अवांछित तत्वों से मुक्त किया जाना चाहिए। समारोह से इतर पत्रकारों से बात करते हुए बोस ने कहा कि यह प्रमुख संस्थान अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और होनहार छात्रों के लिए देश का गौरव है, लेकिन उन्होंने कैंपस को 'अवांछित तत्वों' से मुक्त रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल अब दो समस्याओं 'हिंसा और भ्रष्टाचार' का सामना कर रहा है, जिन्हें हल करने की आवश्यकता है। हमें एक सुरक्षित और स्वतंत्र शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करना होगा और कैंपस को हिंसा के खतरे से मुक्त करना होगा। विश्वविद्यालय परिसर में पिछले दो वर्षों में हुई छात्रों की अप्राकृतिक मौतों का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सुरक्षित शैक्षणिक माहौल के लिए कैंपस में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह बंद होना चाहिए। उन्होंने संस्थान की सुरक्षा और निगरानी बढ़ाने के लिए इसरो की मदद लेने के अपने पुराने सुझाव को भी दोहराया। हालांकि, कैंपस में स्थायी पुलिस चौकी के सवाल पर उन्होंने बोस ने कहा कि ऐसे मामलों का फैसला राज्य सरकार को करना है।

### एसएफआई के सदस्यों ने किया प्रदर्शन, राज्यपाल ने की मुलाकात

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के सदस्यों द्वारा दीक्षांत समारोह स्थल के बाहर तुरंत छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर किए गए विरोध प्रदर्शनों पर, बोस ने कहा कि उन्हें अपनी मांगें उठाने का अधिकार है। प्रदर्शनकारियों ने तुरंत छात्र चुनाव कराने और इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी में छात्रों को प्रतिनिधित्व देने की मांग की। इस दौरान राज्यपाल ने प्रदर्शनकारी छात्रों से मुलाकात की और उनका मांग पत्र स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपनी आवाज उठाने का अधिकार है और वे इन मांगों का अध्ययन कर सरकार के समक्ष उठाएंगे। एसएफआई के पदाधिकारियों ने राज्यपाल के इस व्यवहार पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वे खुश हैं कि राज्यपाल ने उनकी बात सुनी और सरकार के सामने उनकी मांगें रखने का वादा किया।

# एसआईआर : चटर्जी या चट्टोपाध्याय... मंत्री के बेटे के 'सरनेम' पर चुनाव आयोग ने पूछा सवाल



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एसआईआर पर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम के बेटे के सरनेम को लेकर विवाद के बाद अब राज्य के मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय के बेटे के सरनेम को लेकर विवाद पैदा हो गया है। क्या चटर्जी और चट्टोपाध्याय में कोई फर्क है? या वे एक ही हैं? अब, एसआईआर की प्रक्रिया के तहत राज्य के मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय के बेटे सायनदेब चट्टोपाध्याय को यह सबूत देना होगा। सायनदेब के पिता की जगह शोभनदेब चटर्जी लिखा है। सायनदेब को अब यह सबूत देना होगा कि चटर्जी और चट्टोपाध्याय दोनों एक ही हैं। मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय ने इस पर अपना गुस्सा जाहिर किया। शोभनदेब चट्टापोपाध्याय ने चुनाव आयोग पर हमला करते हुए कहा कि सर्टिफिकेट और वोटर लिस्ट में नाम की स्पेलिंग अलग-अलग है। इसलिए लिखा है कि आपका नाम हटा दिया जाएगा। क्यों हटाया जाएगा? अगर चुनाव आयोग मेरा नाम गलत लिखता है, तो मैं इसकी जिम्मेदारी क्यों लूं? हम पर ऐसे आरोप लग रहे हैं। मेरे बेटे सायनदेब के साथ भी ऐसा हुआ है। उन्होंने कहा कि सायनदेब के पिता का नाम शोभनदेब चट्टोपाध्याय है। लिस्ट में चटर्जी लिखा है। अब उसे एडमिट कार्ड लेकर दिखाना होगा। मुझे भी समझ नहीं आ रहा कि चट्टोपाध्याय और चटर्जी को अलग किया जा रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। पहले शोभनदेब चटर्जी लिखकर छोड़ देते थे। अब चट्टोपाध्याय नहीं लिखा तो नाम हटा देंगे। वह घर आकर कह रहे हैं कि डॉक्यूमेंट लाएं। उन्होंने कहा कि जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके बेटे को सुनवाई के लिए बुलाया गया था, तो शोभनदेब ने कहा कि उसे सुनवाई के लिए नहीं बुलाया गया था।

## राष्ट्रपति ने बंगाल में कुलाधिपति पद पर नियुक्ति से संबंधित विधेयकों को किया नामंजूर

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल कार्यालय ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा पारित दो संशोधन विधेयकों को मंजूरी नहीं दी है, जिनमें राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सरकारी विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने का प्रस्ताव किया गया था। इसके परिणामस्वरूप, राज्यपाल सी वी आनंद बोस मौजूदा कानूनी प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति बने रहेंगे। बता दें कि अप्रैल 2024 में, बोस ने पश्चिम बंगाल पशु एवं मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2022 और पश्चिम बंगाल कृषि विश्वविद्यालय कानून (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2022 को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के विचाराधीन भेज दिया था। उसी वर्ष पारित हुए दोनों विधेयकों के जरिये सरकारी विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को बनाने का प्रावधान किया गया था। राज्यपाल कार्यालय के बयान में यह भी बताया गया कि सरकारी विश्वविद्यालयों के प्रमुख कानूनों में फिलहाल यह प्रावधान है कि राज्यपाल विश्वविद्यालयों के पदेन कुलाधिपति होंगे।

# श्रद्धा और भक्ति के संग आज प्रस्थान करेगी पंचम डाक निशान यात्रा

❑ यात्रा से पूर्व राघव रेजीडेंसी में भव्य कीर्तन का आयोजन



**हावड़ा, समाज्ञा :** श्याम बाबा की भक्ति और श्रद्धा से बुधवार को साउथ हावड़ा का वातावरण भक्तिमय हो उठा। पंचम डाक निशान यात्रा के शुभारंभ से पूर्व राघव रेजीडेंसी में भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें कोलकाता से लेकर हावड़ा तक की विभिन्न श्याम मंडलियों के श्रद्धालु शामिल हुए। भजनों और संकीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु देर शाम तक श्याम नाम में लीन नजर आए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व पार्षद संजय बक्शी, हावड़ा विधायक अरूप राय, तृणमूल नेता कैलाश मिश्रा तथा समाज्ञा के संपादक अनिल राय उप-स्थित रहे।

वहीं, अतिथि के रूप में दारा सिंह, दिनेश जी और रतन अग्रवाल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। एक निशान श्याम के नाम द्वारा आयोजित पंचम डाक निशान यात्रा का प्रस्थान आज, 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे राम दरबार, राघव रेजीडेंसी (साउथ हावड़ा) से राजस्थान स्थित श्री श्याम मंदिर, खाटू धाम के लिए किया जाएगा। यह यात्रा लगभग 11 दिनों में बिना कहीं रुके 5 जनवरी 2026 को खाटू श्याम बाबा के दरबार में पहुंचेगी।

इस पावन पदयात्रा को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए श्रद्धालुओं को विभिन्न टीमों में विभाजित किया गया है। टीम 'ए' में किशन गुप्ता, मीरा गुप्ता, रिंकी पांडे, अंजना अग्रवाल, बीना सोनी, राजेश तोडी, अनिल पोद्दार, हरीश भारती, कृष्णा अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल और आदित्य बहेटी शामिल हैं। वहीं टीम 'बी' में कमल बगड़िया, राजेश अग्रवाल, बंटी भाई, हर्षवर्धन जिंदल, वागेश अग्रवाल, पंकज गुप्ता, अंकित अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल और अनय तरानी तथा टीम 'सी' में पी.टी. राठी, आनंद जी, शिव कुमार, मोनू अग्रवाल, विकास गड़िया, राजेश शर्मा, नरेश गुप्ता, सत्य नारायण भट्ट, प्रमोद चुरीवाल, संदीप (पिंटू) और रमेश गोद्दा को शामिल किया गया है।

यात्रा के दौरान रथ संचालन की जिम्मेदारी राज मेहरा शर्मा, सिंटू राय और रघु को सौंपी गई है। वहीं, यात्रा प्रबंधन की कमान मुकेश गोयल, विकास मंडावावाला, कमल अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल (पप्पू भाई), मनोज अग्रवाल और रवि शंकर पांडेय (संजय) संभालेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसपीएफ टीम में हीरा पोद्दार और कमल संथालिया तैनात रहेंगे, जबकि यात्रा के हर क्षण को कैमरे में कैद करने की जिम्मेदारी रोहित, विजय और रोहित (द्वितीय) निभाएंगे। भजनों और संकीर्तन की सेवा में मुकेश गुप्ता, मंगल, उत्तम और उपेंद्र सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल ने मदर डेयरी के बंगाल डेयरी में विलय को मंजूरी दी

❑ राज्य में दो जगहों पर 800 मेगावाट की क्षमता वाले दो नए क्रिटिकल सुपर ताप विद्युत संयंत्र लगाए जाएंगे

❑ अंकुरहाटी में एक रत्न एवं आभूषण पार्क विकसित करने को भी मंज़ूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल ने बुधवार को मदर डेयरी के बंगाल डेयरी के साथ विलय को मंजूरी दे दी, जिससे राज्य में पुराने ब्रांड का इस्तेमाल असल में बंद हो गया है। प्रदेश की वरिष्ठ मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही कई दूसरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को भी मंत्रिमंडल की मंजूरी मिली है। इस दिन, मंत्री ने कहा कि पूरी मदर डेयरी को बंगाल डेयरी में विलय कर दिया गया है। आज से, मदर डेयरी का वजूद नहीं रहेगा। इसमें आगे कहा गया कि इसके सभी उत्पाद अब 'बंगाल डेयरी' नाम से बेचे जाएंगे। मंत्रिमंडल ने राज्य की बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए बड़े बुनियादी ढांचा प्रस्तावों को भी मंज़ूरी दी। भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में दो जगहों पर 800 मेगावाट की क्षमता वाले दो नए 'क्रिटिकल सुपर ताप विद्युत संयंत्र लगाए जाएंगे, जिससे कुल क्षमता 1,600 मेगावाट हो जाएगी। जमीन 25 साल के लिए दी जाएगी, जिसमें लीज को और पांच साल बढ़ाने का विकल्प होगा।' बैठक में वेयरहाउसिंग परियोजना को भी मंज़ूरी दी गई। मंत्री ने कहा कि नाहर इंडस्ट्रियल एंटरप्राइजेज लिमिटेड, जिसने व्यापार सम्मेलन में 500 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया था, 11.35 एकड़ ज़मीन पर ई-कॉमर्स की बड़ी कंपनियों अमेजन और फ्लिपकार्ट के लिए 'वेयरहाउसिंग' सुविधा केन्द्र विकसित करेगी।

भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्रिमंडल ने हावड़ा के अंकुरहाटी में एक रत्न एवं आभूषण पार्क विकसित करने को भी मंज़ूरी दी। उन्होंने कहा कि डोमजूर में भी जमीन आवंटित की गई है, जहां तकनीकी शिक्षा और दक्षता विकास विभाग, प्रशिक्षण सुविधा केन्द्र चलाता है, और यह परियोजना पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम (डब्ल्यूबीआईडीसी) द्वारा पूरा की जाएगी। भट्टाचार्य ने कहा कि इसके अलावा, 30.42 एकड़ ज़मीन पर चार औद्योगिक प्लॉट विकसित किए जाएंगे, जबकि पानागढ़ में 1.37 एकड़ और हरिंघटा में 2.77 एकड़ ज़मीन औद्योगिक पार्क के लिए तय की गई है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने जंगल सुंदरी कर्मनगरी परियोजना के लिए 115 एकड़ ज़मीन देने को भी मंज़ूरी दे दी है।

### नवान्न के कर्मचारियों की तरह निदेशालय के कर्मचारियों के लिए भी कॉमन कैडर बनाने का फैसला

**राज्य सरकार ने राज्य सचिवालय के कर्मचारियों की तरह निदेशालय के कर्मचारियों के लिए एक कॉमन कैडर बनाने का फैसला किया है। इसके चलते निदेशालय के कर्मचारी भी सचिवालय और प्रशासनिक सुधार विभाग के कर्मचारियों की तरह सचिवालय के अंदर आ गए हैं। नवान्न सूत्रों के मुताबिक, राज्य कैबिनेट ने बुधवार को इस फैसले पर अपनी मुहर लगा दी। इस फैसले से निदेशालय के कर्मचारियों के प्रमोशन के मौके भी बढ़ गए हैं। इसके साथ ही निदेशालय के कर्मचारियों का अलग-अलग विभागों में ट्रांसफर भी हो सकेगा। अभी तक नियम यह था कि जिस विभाग के निदेशालय के तहत उन्हें नौकरी मिली है, वहां के कर्मचारी जीवन भर उसी निदेशालय में काम करेंगे। वे दूसरे विभागों में नहीं जा सकते थे। छोटे निदेशालयों के मामले में, जब प्रमोशन का समय आता भी था, तो उन्हें वह मौका नहीं मिलता था। लेकिन नए नियम के तहत, अगर किसी कर्मचारी का प्रमोशन होता है, तो अगर उसके अपने निदेशालय में मौका नहीं है, तो वह प्रमोशन दूसरे विभाग में ले जा सकता है और इसे कर्मचारियों और प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा कंट्रोल किया जाएगा।**



## न्यूज ब्रीफ

### कल अभिषेक बनर्जी करेंगे सांगठनिक बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश के बाद, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कल एक बड़ी सांगठनिक बैठक बुलाई है। इस दिन, दोपहर में पांच हज़ार से ज़्यादा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बूथ बेस्ड वोट मैनेजमेंट के इंचार्ज नेता वर्चुअली जुड़ेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, बैठक में दो एरिया खास अहमियत वाले होंगे। पहला, सरकार के काम का रिपोर्ट कार्ड ध्यान में रखते हुए पूरे राज्य में 'उन्नोयनेर पांचाली' कैंपेन होगा। दूसरा, इस प्रोग्राम के साथ वोटर वॉर का सीधा आह्वान होगा। मैसेज साफ है, अब और समय नहीं है, आगे तीन-चार महीने की अग्निपरीक्षा है। ऑर्गेनाइज़ेशन को अंदरूनी झगड़ों को भूलकर मैदान में उतरना होगा।

### मेस्सी के कार्यक्रम में अराजकता : एसआईटी ने छह से ज़्यादा स्पॉन्सरों को किया तलतब

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआईटी ने मेस्सी के कार्यक्रम में हुई अराजकता की जांच शुरू कर दी है। इस बार, कार्यक्रम में शामिल छह से ज़्यादा स्पॉन्सर कंपनियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। सूत्रों का कहना है कि उन्हें इसी हफ़्ते पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले, एसआईटी ने मेस्सी इवेंट से जुड़ी अफरा-तफरी के सिलसिले में एक ऑनलाइन टिकट बेचने वाली कंपनी के अधिकारी से पूछताछ की थी। जांचकर्ताओं का मुख्य मकसद यह पता लगाना था कि क्या इस घटना के पीछे कोई वित्तीय गड़बड़ी या साज़िश थी। जांच सूत्रों के मुताबिक, इस पूछताछ का मकसद यह पता लगाना है कि सताद्रु दत्ता को स्पॉन्सरशिप के तौर पर स्पॉन्सर से कितने पैसे मिले और उस पैसे का लेन-देन कैसे हुआ।

### लेक्सस एलएम 350एच ने भारतीय बाजार में दर्ज की शानदार बिक्री वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** लेक्सस इंडिया की फ्लैगशिप अल्ट्रा-लग्जरी एमपीवी एलएम 350एच ने भारतीय बाजार में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी के अनुसार, नवंबर 2025 में इस मॉडल की बिक्री में 40 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जबकि जनवरी से नवंबर 2025 की अवधि में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत की संचयी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आकर्षक डिजाइन, उच्च स्तर के आराम और आधुनिक सुविधाओं के कारण एलएम 350एच अल्ट्रा-लग्जरी मोबिलिटी सेगमेंट में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। लेक्सस इंडिया के प्रेसिडेंट हिकारू इकेयुची ने कहा कि दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई सहित देशभर से मिल रही मजबूत मांग निजी लग्जरी लाउंज वाहनों की बढ़ती पसंद को दर्शाती है। कंपनी ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए लेक्सस लग्जरी केयर, 8 वर्ष की वारंटी और रोडसाइड असिस्टेंस जैसी सुविधाएं भी प्रदान कर रही है।

### एनईसीए 2025 में एएम/एनएस इंडिया को ऊर्जा दक्षता इनोवेशन के लिए शीर्ष सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस खपवळर) ने नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड्स (एनईसीए) 2025 में 'ऊर्जा दक्षता इनोवेशन - इंडस्ट्री' श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित 'बेस्ट इनोवेटर अवॉर्ड' जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह सम्मान नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार कंपनी के हजीरा स्थित स्टील मेकिंग प्लांट-2 (एसएमपी-2) कॉनार्क परियोजना को दिया गया, जिसमें फर्नेस की विद्युत ऊर्जा खपत में 10 प्रतिशत की कमी हासिल की गई है। इस परियोजना के माध्यम से प्रतिवर्ष 56,400 मेगावाट-घंटे से अधिक ऊर्जा की बचत और लगभग 41,700 टन सीओ2 उत्सर्जन में कमी दर्ज की गई है। एनईसीए 2025 में मिली यह मान्यता डीकार्बनाइजेशन, ऊर्जा दक्षता और भारत के 2070 नेट-जीरो लक्ष्यों के प्रति एएम/एनएस इंडिया की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### ट्रैक रखरखाव कार्य के कारण सियालदह-लालगोला पैसेंजर ट्रेन पुनर्निर्धारित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल के मुरागाछा और बेथुआडाहारी स्टेशनों के बीच ट्रैक रखरखाव कार्य के कारण रेल यातायात में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। इस कार्य के लिए 25/26 दिसंबर 2025 तथा 27/28 दिसंबर 2025 की मध्य रात्रि 23:15 बजे से 03:15 बजे तक कुल 240 मिनट का ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इसके तहत, 53181 सियालदह-लालगोला पैसेंजर ट्रेन, जिसकी यात्रा 25 दिसंबर और 27 दिसंबर को आरंभ होनी है, को 60 मिनट पुनर्निर्धारित किया गया है। साथ ही यह ट्रेन अपने निर्धारित गंतव्य लालगोला के बजाय कृष्णापुर स्टेशन पर ही आंशिक रूप से समाप्त हो जाएगी।

## क्रिसमस और नववर्ष से पहले कोलकाता में कड़ी सुरक्षा

# आज बड़े दिन पर पार्क स्ट्रीट में 1500 पुलिस कर्मी तैनात

**कोलकाता, समाज्ञा :** क्रिसमस और नववर्ष समारोह के मद्देनजर कोलकाता पुलिस ने पूरे शहर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पार्क स्ट्रीट और उससे सटे इलाकों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जहां भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। अधिकारी ने बताया कि त्योहारों के दौरान 10 पुलिस उपायुक्त, 25 सहायक पुलिस आयुक्त, 27 निरीक्षक और 250 उप-निरीक्षक समेत लगभग 2,000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, भीड़ पर प्रभावी नियंत्रण और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए



पार्क स्ट्रीट-धर्मतला क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि भीड़ की स्थिति के अनुसार यातायात व्यवस्था की जाएगी और 25, 26 और 31 दिसंबर को शाम चार बजे के बाद पार्क स्ट्रीट इलाके में यातायात प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। टाला ब्रिज, श्यामबाजार, हावड़ा-बड़ाबाजार कनेक्टर, डायमंड हार्बर रोड, इकबालपुर और रेड रोड के आसपास नाकाबंदी और पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल, मेट्रो और रेलवे स्टेशन, नाइट क्लब और बारों में निगरानी और सख्त कर दी गई है। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किसी भी चूक को रोकने के लिए रणनीतिक स्थानों पर जांच की जा रही है और संवेदनशील तथा अधिक भीड़ वाले इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। सुरक्षा योजना के तहत शहर के प्रमुख स्थानों पर 15 वॉच टावर लगाए गए हैं, जिनमें से पांच अकेले पार्क स्ट्रीट इलाके में स्थापित किए गए हैं। आपात स्थितियों से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) को भी तैयार रखा गया है। इसके अलावा, कोलकाता पुलिस की 'विनर्स' टीम की महिला अधिकारियों की तैनाती की जाएगी और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी भी मौजूद रहेंगे। अधिकारी ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जाएगा। हमारी टीमें पूरी तरह से तैयार हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी आपात स्थिति में वे लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय के नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें या 100 डायल करें।

## एसआईआर के लिए 4,600 माइक्रो-ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए लगभग 4,600 'माइक्रो-ऑब्जर्वर' का प्रशिक्षण बुधवार को यहां शुरू हो गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नजरुल मंच में हो रहे प्रशिक्षण की निगरानी कर रहे हैं। बता दें कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए सरकारी अधिकारियों को 'माइक्रो-ऑब्जर्वर' के तौर पर नियुक्त किया गया है। अधिकारी ने बताया कि वे अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने तक सीईओ की देखरेख में काम करेंगे और सुनवाई प्रक्रिया के दौरान उन्हें तैनात किया जाएगा।



सुनवाई के दौरान हर कमरे में एक माइक्रो-ऑब्जर्वर मौजूद रहेगा। उन्होंने बताया कि माइक्रो-ऑब्जर्वर की मुख्य ज़िम्मेदारी सुनवाई के दौरान चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक चुनाव पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) के कामकाज पर करीब से नजर रखने की होगी। हर माइक्रो-ऑब्ज़र्वर को इस काम के लिए एक बार में 30,000 रुपये का मानदेय मिलेगा।

## निशा चटर्जी की जगह पूर्व पुलिस कर्मी अबुल हसन, हमायूं ने बालीगंज के लिए नए उम्मीदवार की घोषणा

❑ पूर्व पुलिस कर्मी ने कहा... 'मैं कोई राजनेता नहीं है', हमायूं बोले... 'जिताना मेरी जिम्मेदारी'



**कोलकाता, समाज्ञा :** जनता उन्नयन पार्टी (जेयूपी) के संस्थापक हुमायूं कबीर ने 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए बालीगंज सीट से निशा चटर्जी की उम्मीदवारी वापस लेने के 24 घंटे से भी कम समय के भीतर बुधवार को उनकी जगह सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी अबू हसन को मैदान में उतारा। कबीर के अनुसार, निशा चटर्जी की उम्मीदवारी इसलिए वापस ली गई क्योंकि सोशल मीडिया पर उनकी उपस्थिति पार्टी की छवि के अनुरूप नहीं है। इस दिन, कबीर ने हसन का नाम घोषित करने के बाद कहा कि हसन मेरे मामा नहीं, बल्कि मेरी मां के रिश्ते के भाई हैं। उनके बच्चों को कुछ चिंताएं थीं, जिनका मैं समाधान करूंगा। उनकी जीत सुनिश्चित करना मेरी जिम्मेदारी है। दूसरी तरफ, अबुल हसन ने पत्रकारों से कहा कि मैं राजनीति में दिलचस्पी रखने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैंने अपना पूरा जीवन पुलिस कर्मी के रूप में बिताया है। हुमायूं ने जोर देकर कहा कि मुझे चुनाव लड़ना चाहिए। मूल रूप से राजनगर के रहने वाले हसन कई वर्षों से शहर के बेकबागान में रह रहे हैं।

## सिंगल बेंच के फैसले से अंतरिम रोक, जीटीए के 313 शिक्षकों की अभी नहीं जाएगी नौकरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहाड़ की नौकरियां अभी रद्द नहीं हो रही हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट की सिंगल बेंच के फैसले पर खंडपीठ ने अंतरिम रोक लगा दी है। कलकत्ता हाई कोर्ट की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच ने बुधवार को यह आदेश जारी किया। इसके चलते जीटीए के 313 शिक्षकों को साल खत्म होने से पहले थोड़ी राहत मिली है। बता दें कि पहाड़ में शिक्षक भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। इसी महीने कलकत्ता हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने उस मामले में 313 शिक्षकों की नौकरियां रद्द करने का आदेश दिया था। बाद में, शिक्षकों ने उस फैसले को चुनौती देते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में अपील की थी। मामले की सुनवाई कलकत्ता हाई कोर्ट की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच में हुई। सुनवाई जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और बिश्वरूप चौधरी की डिवीजन बेंच में हुई। वहां, जजों ने सिंगल बेंच के फैसले पर रोक लगा दी। डिवीजन बेंच ने कहा कि ये शिक्षक लंबे समय से काम कर रहे हैं। सिंगल बेंच ने इस मुद्दे पर विचार नहीं किया। इतना ही नहीं, राजनीतिक अशांति और दूसरे कारणों से शिक्षकों की भर्ती रोक दी गई थी। सिंगल बेंच ने इस मुद्दे पर भी विचार नहीं किया। फिर उस फैसले पर स्टे ऑर्डर जारी किया गया। अभी के लिए, खबर है कि यह स्टे 12 हफ़्ते तक लागू रहेगा। इसके साथ ही, राज्य सरकार और केस करने वालों को एफिडेविट जमा करने का भी आदेश दिया गया है।

## अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का 91वां स्थापना दिवस समारोह आज कला मंदिर में

**कोलकाता :** 1935 में स्थापित तथा देश के 24 राज्यों में फैली मारवाड़ी समाज की प्रतिनिधि संस्था अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का 91वां स्थापना दिवस समारोह आज कला मंदिर में मनाया जायेगा। इस मौके पर यूरोलॉजिस्ट, रीनल ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ तथा मोहन फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. सुनील श्रॉफ (चेन्नई) को मारवाड़ी सम्मेलन के सबसे प्रतिष्ठित 'राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान-2024' से सम्मानित किया जायेगा, जिसके तहत एक लाख की राशि, मान पत्र प्रदान किया जाता है।

उक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय महामंत्री केदार नाथ गुप्ता ने बताया कि समारोह में बतौर प्रधान अतिथि राज्य की मंत्री डॉ. शशि पांजा उपस्थित रहकर समाज को अपना संदेश देंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गोयनका करेंगे। इस मौके पर सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षगण सर्वश्री सीताराम शर्मा, नन्दलाल रूँगटा. डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया, पद्मश्री प्रह्लादराय अगरवाला, संतोष सराफ, गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, शिव कुमार लोहिया (स्वागताध्यक्ष) तथा पूर्व राष्ट्रीय महामंत्रीगण सर्वश्री रतन शाह, डॉ. संजय हरलालका, कैलाश पति तोदी की विशेष उपस्थिति रहेगी।

समारोह में सरल और हिन्दी भाषा में रहस्य, रोमांच, हास्य और राजस्थानी नृत्य से भरपूर नाटक 'दैया रे दैया' और 'जड़ाव बाई' की प्रस्तुति अमैच्योर एक्टर्स एसोसिएशन के कलाकारों द्वारा दी जायेगी। सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरधारी लाल गोयनका, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री पवन जालान एवं पवन बंसल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल मल्लावत सहित सम्मेलन के अनगिनत सक्रिय सदस्य समारोह में समाज के लोगों के स्वागत हेतु तत्पर हैं।

### आस्था, भक्ति, कर्तव्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा

## नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की... भक्ति भावना से श्रीमद्भागवत कथा

**कोलकाता :** माथुरवैश्य भवन में श्रीधाम, वृंदावन से पधारे श्रीभगवान भईयाजी के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा में सुनी है गोकुल नगरिया, आजा - आजा सांवरिया ... एवम् नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की... भक्ति भजनों की प्रस्तुति से श्री कृष्ण जन्म उत्सव में श्रद्धालु भक्त बधाई गीत गाते हुए थिरकने लगे। कथावाचक भईयाजी ने आस्था, भक्ति, कर्तव्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा देते हुए कहा भक्त वत्सल भगवान भक्तों के प्रेम, सच्ची भक्ति पर प्रसन्न होकर उनकी रक्षा करते हैं, जैसे एक माँ अपनी संतान और गौमाता अपने बछड़े की रक्षा करती है। भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से आप सभी के जीवन में सुख - शान्ति, उत्तम स्वास्थ्य हो। वामन अवतार के प्रसंग में श्रोताओं को भाव विभोर करते हुए कहा भगवान विष्णु ने अपने विराट वामन स्वरूप में एक पग में पृथ्वी और दूसरे पग



में आकाश नाप लिया। अब तीसरा पग रखने के लिये बलि ने अपना सिर आगे कर दिया और कहा, हे प्रभु, तीसरा पग मेरे सिर पर रख दीजिये। बलि के इस असीम समर्पण और संकल्प को देखकर भगवान प्रसन्न हुए और बलि को अमरता का वरदान दिया। राधे - राधे भजनों की प्रस्तुति से भक्तिमय वातावरण में प्रमुख यजमान मिथिलेश गुप्ता, पार्षद मीना पुरोहित, पार्षद विजय ओझा, मनोज पराशर, आयोजक माथुरवैश्य इंटरनेशनल क्लब के अध्यक्ष अमित गुप्ता, सचिव प्रवीण गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, समाजसेवी राजेन्द्र गुप्ता (कपूरवाले), रामकुमार गुप्ता, प्रदीप, महेन्द्र, राजेश, मनोज, राजेश, अशोक गुप्ता एवम् महिला समिति तथा कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गये।

## अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घरों की बिक्री 16% घटी, कोलकाता में भी दिखा असर

**कोलकाता/नयी दिल्ली :** देश के शीर्ष नौ प्रमुख शहरों में अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही के दौरान आवासीय संपत्तियों की बिक्री में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। रियल एस्टेट डेटा विश्लेषण कंपनी प्रॉपइक्विटी के अनुसार, इस अवधि में कुल बिक्री घटकर 98,019 इकाइयों पर आ गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,16,137 इकाइयां थी।रिपोर्ट के मुताबिक, मांग में कमी और नई आवासीय परियोजनाओं की पेशकश घटने के कारण यह गिरावट देखी गई है। यह जुलाई-सितंबर 2021 के बाद तिमाही आधार पर सबसे कम बिक्री स्तर माना जा रहा है। कोलकाता सहित बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई और पुणे जैसे प्रमुख शहरों में बिक्री में गिरावट दर्ज की गई, जबकि नवी मुंबई और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) ऐसे दो शहर रहे जहां अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला। ये आंकड़े प्राथमिक आवासीय बाजार से संबंधित हैं। कोलकाता के रियल एस्टेट बाजार में भी इस तिमाही के दौरान मांग कमजोर रही। हालांकि, जानकारों का कहना है कि शहर में प्रीमियम और संगठित आवासीय परियोजनाओं की ओर खरीदारों का रुझान बना हुआ है, जिससे कीमतों में स्थिरता देखी गई है। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी समीर जसूजा ने कहा कि आमतौर पर अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में त्योहारों के कारण बिक्री और नई परियोजनाओं में तेजी आती है, लेकिन इस बार बाजार में प्रीमियम उत्पादों की ओर झुकाव बढ़ा है। इसके चलते बिक्री की संख्या घटी है, जबकि संपत्तियों के दामों में वृद्धि बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि प्रॉपइक्विटी, एनएसई में सूचीबद्ध पी.ई. एनालिटिक्स लिमिटेड की इकाई है।

## हुमायूं कबीर की पार्टी से उम्मीदवार बनते ही महिला सिविक वॉलंटियर की चली गई नौकरी

**मालदह :** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में हलचल मची हुई है। तृणमूल के बागी विधायक हुमायूं कबीर की नई पार्टी 'जनता उन्नयन पार्टी (जेयूपी) ने मालदह जिले की वैष्णवनगर विधानसभा सीट से उम्मीदवारी पेश कर दी है। पार्टी की ओर से मुस्तारा बीबी को उम्मीदवार बनाए जाने की घोषणा की है, जिसके बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, मुस्तारा बीबी ने यह आरोप लगाया है कि 'जेयूपी' से जुड़ने और उम्मीदवार घोषित होने के बाद उन्हें सिविक वॉलंटियर के पद से हटा दिया गया। उनका दावा है कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की गई है। इस आरोप के बाद मालदह की राजनीति गरमा गई है। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। बताया जा रहा है कि मुस्तारा बीबी पहले तृणमूल की सक्रिय कार्यकर्ता रही हैं। उनके पति कुर्बान अंसारी स्थानीय स्तर पर तृणमूल से जुड़े रहे हैं। 22 दिसंबर को जब हुमायूं कबीर ने नई पार्टी के नाम की घोषणा की, तभी वैष्णवनगर सीट से मुस्तारा बीबी का नाम सामने आया। मुस्तारा बीबी वैष्णवनगर के बिननगर-1 ग्राम पंचायत की निवासी हैं। वहीं, अपने पद से हटाए जाने के आरोपों पर मुस्तारा बीबी ने कहा कि वह कालियाचक थाने के अंतर्गत सिविक वॉलंटियर के रूप में काम कर रही थीं। उम्मीदवार बनने के बाद उनका नाम सूची से हटाया गया, लेकिन उन्हें इसका कोई अफसोस नहीं है। उन्होंने कहा कि अब वे पूरी तरह राजनीति पर ध्यान देंगी और 'जनता उन्नयन पार्टी' के साथ मजबूती से चुनाव लड़ेंगी। उनका दावा है कि वे वैष्णवनगर से जीत दर्ज करेंगी।

## पूर्व रेलवे और जीएफआई ने हावड़ा में होम कम्पोस्टिंग कार्यशाला का किया आयोजन

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे - हावड़ा डिवीजन और गारबेज फ्री इंडिया (जीएफआई) के संयुक्त प्रयास से गुलमोहर रेलवे कॉलोनी, हावड़ा में होम कम्पोस्टिंग पर एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य कॉलोनी के निवासियों को घर पर किचन और ऑर्गेनिक वेस्ट मैनेजमेंट के लिए व्यावहारिक और आसान मार्गदर्शन देना था। कार्यशाला का नेतृत्व जीएफआई की फाउंडर डायरेक्टर श्रुति घोष ने किया, जबकि पूर्व रेलवे - हावड़ा डिवीजन के पर्यावरण, स्वास्थ्य और चिकित्सा विभाग के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। प्रतिभागियों को घरेलू स्तर पर कूड़े को खाद में बदलने और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के सरल और प्रभावी तरीकों से अवगत



कराया गया। कार्यशाला में बच्चों, कॉलोनी निवासियों और सफाई कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने डेमोंस्ट्रेशन और चर्चा में सक्रिय भागीदारी की और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया, जिससे वे किचन वेस्ट को पोषक तत्वों से भरपूर कम्पोस्ट में बदल सकते हैं। पूर्व रेलवे-हावड़ा डिवीजन की यह पहल रेलवे कॉलोनियों और आसपास के समुदायों में स्वच्छता और पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान विद्या मंदिर का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** राजस्थान विद्या मंदिर द्वारा रविवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय की चेयरपर्सन मृदुश्री कयान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल देवाशीष मित्र द्वारा विद्यालय की ध्वजारोहण तथा मशाल प्रज्वलन के साथ किया गया। सम्मानित अतिथि के रूप में शतरंज चैंपियन अमल यादव भी उपस्थित थे। प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति संदीप सुतोदिया, संदीप कयान, श्रीधर कयान ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढाई। भारत स्काउट एवं गाइड के डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर अविनाश गुप्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष ब्रह्मानंद बंग भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। ड्रिल, फ्लैश मोब और विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं के पश्चात् राष्ट्रीय गान से कार्यक्रम का समापन किया गया।

### बांकड़ा साहू समाज भवन में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम संपन्न



**हावड़ा :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बांकड़ा साहू समाज भवन में निःशुल्क नेत्र परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन की जांच, शुगर जांच तथा निःशुल्क चश्मा वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। बांकड़ा साहू समाज भवन में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा लगातार जांच प्रक्रिया सम्पन्न हुई, जिसमें लगभग 150 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें से लगभग 40 मरीजों का ऑपरेशन 4 जनवरी 2026 को किया जाएगा एवं करीबन 110 लोगों को निशुल्क चश्मा 18 जनवरी 2026 को वितरण किया जाएगा। इस सामाजिक और पुनीत सेवा कार्य के लिए पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा की ओर से बांकड़ा साहू समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

### बंगाल में परिवर्तन के लिए भाजपा की परिवर्तन सभा



**हुगली, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में असीमित छुट्टियों, भ्रष्टाचार, हत्या-दुष्कर्म व महिला उत्पीड़न के आरोपों तथा एसआईआर को लेकर कथित झूठे प्रचार के विरोध में चंदननगर में भाजपा के तरफ से 'परिवर्तन संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। इस सभा में अभिनेता एवं भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने राज्य की मौजूदा स्थिति पर तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की हालत चिंताजनक है और आम लोगों की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने प्रशासन से पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। इस कार्यक्रम में राज्य भाजपा के सचिव दीपांजन गुहा, जिला अध्यक्ष गौतम चट्टोपाध्याय सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। सभा से राज्य में परिवर्तन का आह्वान किया गया और आम जनता से एकजुट होकर भ्रष्टाचार व अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की गई।

### रेलवे में मानवीय पहल, आरपीएफ और रेलवे डॉक्टरों ने बचाई दो जिंदगियां



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने रेलवे चिकित्सकीय स्टाफ के साथ समन्वय स्थापित कर एक गर्भवती महिला यात्री को समय पर सहायता प्रदान की। ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत की गई इस त्वरित कार्रवाई से एक महत्वपूर्ण समय पर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित हुआ और मां व नवजात को तत्काल चिकित्सकीय देखभाल उपलब्ध कराई गई। 23 दिसंबर को ट्रेन संख्या 12368 डाउन विक्रमशिला एक्सप्रेस के भागलपुर रेलवे स्टेशन पर ठहरने के दौरान ट्रेन में यात्रा कर रही एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिस पर मालदह मंडल के अंतर्गत भागलपुर पोस्ट के आरपीएफ कर्मियों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। त्वरित समन्वय और प्रभावी कार्रवाई के माध्यम से महिला ने सुरक्षित रूप से एक पुत्र को जन्म दिया। इसके तुरंत बाद रेलवे अस्पताल के ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने मां और नवजात की जांच कर आवश्यक उपचार प्रदान किया। आरपीएफ टीम ने मां और बच्चे को सुरक्षित रूप से भागलपुर रेलवे स्टेशन पर उतारने तथा आगे की चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने में भी सहयोग किया। पूर्व रेलवे ने बताया कि ऑपरेशन मातृशक्ति जैसी पहलों के माध्यम से महिलाओं यात्रियों की सुरक्षा, सम्मान और मानवीय देखभाल सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता लगातार मजबूत की जा रही है।

### आरपीएफ ने मिशन यात्री सुरक्षा के तहत 2.80 लाख की संपत्ति की बरामद, 6 गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने मिशन यात्री सुरक्षा के अंतर्गत बड़ी सफलता हासिल की है। इस अभियान के तहत आरपीएफ ने यात्रियों के सामान की चोरी (टीओपीबी) और लूटपाट में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 23 दिसंबर को सियालदह और आसनसोल मंडलों की आरपीएफ टीमों द्वारा विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान 6 मोबाइल फोन तथा सोने के आभूषणों से युक्त 5 महिलाओं के पर्स बरामद किए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 2.80 लाख रुपये बताई गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से दो टीओपीबी आरोपियों को बरामद दो मोबाइल फोन के साथ सियालदह की जीआरपीएस को सौंप दिया गया है, जहां उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, अन्य चार आरोपियों को 4 मोबाइल फोन और 5 महिलाओं के पर्स (सोने के आभूषण सहित) के साथ जीआरपीएस, धनबाद को सौंपा गया है। इन आरोपियों को जीआरपीएस, धनबाद के 21 दिसंबर के पूर्व मामले से जोड़ा गया है।

# राज्य में सनातन धर्म सुरक्षित नहीं है : शुभेंदु अधिकारी

## हाई कोर्ट के आदेश के बाद सागर द्वीप में भाजपा नेता की जनसभा

**कोलकाता, समाज्ञा**

नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को आरोप लगाया कि राज्य में 'सनातन धर्म' सुरक्षित नहीं है। दक्षिण 24 परगना के सागर द्वीप में कपिल मुनि आश्रम में पूजा-अर्चना करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि जिले भर के विभिन्न मंदिरों में मूर्तियों को तोड़ा गया, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि काकद्वीप में पुलिस की मदद से मूर्तियों को जेल वैन में लादा गया। एक भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से यह धारणा बन गई है कि राज्य में सनातन धर्म और हिंदू सुरक्षित नहीं हैं।

शुभेंदु अधिकारी ने पुलिस को अपना रवैया सुधारने या अप्रैल के बाद 'परिणामों' का सामना करने की चेतावनी दी। बता दें कि भाजपा नेता को कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा प्रशासन को रैली की अनुमति देने का निर्देश दिए जाने के बाद यह जनसभा आयोजित की गई। शुभेंदु अधिकारी ने सागर द्वीप से अपने घनिष्ठ संबंध को बताते हुए कहा कि वह वहां के लोगों के 'कुटुंब' (परिवार के सदस्य) हैं।



# एसआईआर पर हाई कोर्ट सख्त, अवैध ओबीसी सर्टिफिकेट स्वीकार न करने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सियासत तेज है। इसी बीच, कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को निर्देश दिया कि वे एक याचिका पर विचार करें, जिसमें राज्य के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अवैध ओबीसी सर्टिफिकेट को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार न करने की मांग की गई है और इस पर तर्कसहित आदेश जारी करें। मामले में याचिकाकर्ता अरिजीत बक्शी ने अदालत को बताया कि मई 2024 में हाई कोर्ट ने राज्य के 77 वर्गों के लोगों के ओबीसी सर्टिफिकेट को रद्द कर दिया था। उन्होंने आयोग से स्पष्ट निर्देश देने की मांग की कि एसआईआर प्रक्रिया में केवल वैध ओबीसी सर्टिफिकेट ही मान्य होंगे। मामले में सुनवाई के दौरान जस्टिस कृष्णा राव ने सीईओ को निर्देश दिया कि वे याचिका पर विचार करें और आदेश प्राप्त होने के एक सप्ताह के भीतर तर्कसहित निर्णय दें।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों ने पहले से सेवाओं में ओबीसी लाभ लिया है या किसी चयन प्रक्रिया में सफल हुए हैं, उनके अधिकारों पर इस आदेश का असर नहीं होगा। बता दें कि मई 2024 में हाई कोर्ट की एक डिविजन बेंच ने 2010 से कई वर्गों को दिए गए ओबीसी दर्जे को रद्द कर दिया था। इतना ही नहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने चुनाव आयोग से अनुरोध किया कि एसआईआर के लिए केवल वैध ओबीसी सर्टिफिकेट ही स्वीकार किए जाएं और रद्द किए गए सर्टिफिकेट को दस्तावेज के रूप में स्वीकार न किया जाए। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से अधिवक्ता ने बताया कि एसआईआर की वैधता को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए फिलहाल कोई आदेश न दिया जाए। ऐसे में जस्टिस राव ने कहा कि याचिका एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती नहीं दे रही है, बल्कि आयोग को शिकायत पर विचार करने के लिए कहा गया है।

## किराने की दुकान में चोरी से इलाके में दहशत



**हुगली, समाज्ञा :** सिंगुर थाना क्षेत्र के नसीबपुर खाल इलाके में किराने की दुकान में चोरी की घटना सामने आई है।डकैतों ने दुकान के पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब डेढ़ लाख रुपये नकद के साथ बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री लेकर फरार हो गए। दुकान के मालिक संदीपन सिंह राय ने बताया कि रात के अंधेरे में बदमाशों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। सुबह दुकान खोलने पर उन्हें घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने तुरंत सिंगुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर बुधवार की सुबह सिंगुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक नमूने एकत्र किए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दुकान मालिक ने बताया कि इससे पहले कभी इस तरह की घटना नहीं हुई थी। इस घटना के बाद इलाके के लोग दहशत में हैं और सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## हावड़ा नगर निगम में स्वास्थ्य कर्मियों का लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन

**हावड़ा, समाज्ञा**

नगर निगम स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। बुधवार को उन्होंने हावड़ा नगर निगम में इंसेंटिव फॉर्म जलाए और प्रदर्शन किया। बता दें कि ये स्वास्थ्य कर्मी न्यूनतम 15,000 रुपये महीने का अलाउंस, सरकारी पहचान, बकाया इंसेंटिव का पेमेंट और रेगुलर इंसेंटिव की मांग पर गत मंगलवार से लगातार हड़ताल पर हैं। इस दिन, नगर निगम के अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों ने हावड़ा नगर निगम में प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम वेस्ट बंगाल म्युनिसिपल हेल्थ वर्कर्स (कॉन्ट्रैक्ट) यूनियन ने ऑर्गनाइज़ किया था।

# चार वर्ष जेल में बंद रहने के बाद पोक्सो मामले में आरोपी बरी

**हुगली, समाज्ञा :** लगातार चार वर्ष जेल में बंद रहने के बाद पोक्सो मामले में आरोपी को अदालत से बड़ी राहत मिली है। श्रीरामपुर अदालत के अतिरिक्त प्रथम सत्र न्यायाधीश रत्ना राय ने पोक्सो मामले में आरोपी पिंटू मजूमदार को बेकसूर करार देते हुए बरी कर दिया। अदालत का फैसला सुनते ही पेशे से टोटो चालक पिंटू मजूमदार कोर्ट रूम में फूट-फूटकर रो पड़े। अदालत सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2021 में एक महिला ने उत्तरपाड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी छह वर्षीय बेटी के साथ यौन उत्पीड़न किया गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पिंटू मजूमदार को गिरफ्तार किया था और तब से वह जेल में बंद था। पिंटू के अधिवक्ता अशोक सेन ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला पति से अलग रह रही थी और पिंटू के साथ उसका प्रेम संबंध था। लेकिन पिंटू पहले से विवाहित होने के कारण उससे विवाह करने को तैयार नहीं था। इसी रंजिश में महिला ने अपनी बच्ची को हथियार बनाकर पिंटू के खिलाफ झूठा पोक्सो मामला दर्ज कराया। मामले में कई गवाहों के बयान हुए और सुनवाई के बाद अदालत ने पिंटू को निर्दोष घोषित कर बरी कर दिया। अधिवक्ता अशोक सेन ने कहा कि इस फैसले से कानून और न्याय व्यवस्था पर लोगों का भरोसा और मजबूत होगा।

श्रीरामपुर अदालत में पिंटू की मां रंजू मजूमदार और भाभी चायना मजूमदार भी मौजूद थीं। आंखों से आंसू पोंछते हुए रंजू मजूमदार ने कहा कि मेरे निर्दोष बेटे को झूठे मामले में फंसाकर उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी गई। लेकिन हमारे वकील अशोक सेन ने बहुत सहयोग किया। मैं उन्हें कोई पैसे नहीं दे सकी, इसके बावजूद उन्होंने हमारे साथ खड़े रहकर हमें न्याय दिलाया।

## मेयर ने दमकल को दिया नाइट क्लब और रेस्टोरेंटों के निरीक्षण का निर्देश



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने नए साल की पूर्व संध्या के जश्न से पहले नाइट क्लब में खास जांच करने के लिए राज्य फायर सर्विस विभाग को निर्देश दिया है। यह कदम गोवा में हाल ही में हुई आग की घटना के बाद उठाया गया है, जिसमें 25 लोगों की जान चली गई थी। इस त्योहारी मौसम में शहर में आग लगने की किसी भी संभावना को रोकने के लिए, कोलकाता के मेयर ने फायर डिपार्टमेंट को एक लेटर लिखकर उनसे हर रूफटॉप रेस्टोरेंट, बार, नाइट क्लब और होटल के सेफ्टी इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच करने का अनुरोध किया है। बुधवार को मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि यह जांच यह देखने के लिए की गई थी कि क्या रूफटॉप रेस्टोरेंट स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपीएस) के अनुसार काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 83 रेस्टोरेंट की जांच की गई है, और वे सभी एस-ओपीएस का पालन कर रहे हैं। हकीम ने कहा कि हालांकि, मैंने फायर डिपार्टमेंट को लेटर लिखा है। मैंने उनसे अनुरोध किया है कि वे निगरानी करें कि रूफटॉप जगहों के अलावा छोटे और बड़े होटल, रेस्टोरेंट, बार और नाइट क्लब इस त्योहारी मौसम में एसओपीएस का पालन कर रहे हैं या नहीं।

## कोर्ट ने ग्लेनारिस को फिर से खोलने का दिया आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** आज क्रिसमस से पहले कलकत्ता हाई कोर्ट ने ग्लेनारिस के बार को खोलने का आदेश दिया है। बुधवार को हाई कोर्ट के जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच की जस्टिस अमृता सिन्हा की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद, हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि ग्लेनारिस रेस्टोरेंट का बार 12 जनवरी तक खुला रहेगा। उल्लेखनीय है कि दार्जिलिंग बंगाल एक्साइज की क्राइम ब्रांच ने एक्साइज नियमों के उल्लंघन के आरोप में इस मशहूर बार-कम-रेस्टोरेंट ग्लेनारिस के बार और म्यूजिक को बंद करने का आदेश दिया है।

### Name Change

Gourav kumar sonkar, S/o Anand kumar Sonkar , resident of 15 , Moulana Abul Kalam Azad Road, howrah -711101, do hereby declare that I have changed my name from Gourav kumar sonkar to Gourav Sonkar and henceforth I shall be known as Gourav Sonkar in all purpose, vide affidavit no. 6871/21 sworn before the Notary Public in the court of Ld 1st Class Executive Magistrate at Howrah on Dated 24th November 2021 Gourav Sonkar and Gourav kumar sonkar both are same and one identical person.

### Name Change

Sourav Sonkar, S/o Anand kumar Sonkar , resident of 15 , Moulana Abul Kalam Azad Road, howrah -711101, do hereby declare that I have changed my name from Sourav sonkar to Sourav Kumar Sonkar and henceforth I shall be known as Sourav Kumar Sonkar in all purpose, vide affidavit no. 21188/25 sworn before the Notary Public in the court of Ld 1st Class Executive Magistrate at Howrah on Dated 22nd December 2025. Sourav Kumar Sonkar and Sourav sonkar both are same and one identical person..

### Notice

I,Bharati Parui, am a Director of United Nursing Home Private Limited, located at 10B, A. K. C. Bhattacharya Street, Srirampore, Hooghly.One of the Directors of our nursing home, Dr. Rajendranath Parui, passed away on 07/07/2025. For the last two years, our nursing home has remained closed due to continuous financial losses.We sincerely regret that this matter was not officially informed earlier to the C.M.O.H. (Chief Medical Officer of Health) office.At present, we are in the process of surrendering the C.M.O.H. license of United Nursing Home Private Limited at the Hooghly C.M.O.H. office.The license number is 33839783, which is valid up to 25/11/2025.

Thanking you,Bharati ParuiDirectorUnited Nursing Home Private Limited


## हावड़ा–कटिहार–हावड़ा एक्सप्रेस का सांकोपाड़ा हाल्ट स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव

यात्रियों की सुविधा के लिए, मालदा मंडल के तहत **13033/13034 हावड़ा – कटिहार – हावड़ा एक्सप्रेस** नीचे वर्णित समयसूची के अनुसार **सांकोपाड़ा हाल्ट** स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर रुकेगी:

| ट्रेन नं. और नाम | सांकोपाड़ा हाल्ट पर समयसूची आ. | प्र. | ठहराव (जिस तिथि से प्रभावी) |
|---|---|---|---|
| 13033 हावड़ा – कटिहार एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 27.12.2025) | 05.34 | 05.36 | 28.12.2025 |
| 13034 कटिहार – हावड़ा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 28.12.2025) | 19.29 | 19.31 | |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे



## हावड़ा – बोलपुर – हावड़ा स्पेशल ट्रेन

**बोलपुर में पौष मेला** के दौरान यात्रियों की अपेक्षित भारी भीड़ को संभालने के लिए, **03001/03002 हावड़ा–बोलपुर–हावड़ा स्पेशल ट्रेन 04 (चार) दिनों** यानी दिनांक **25.12.2025 (बृहस्पतिवार), 26.12.2025 (शुक्रवार), 27.12.2025 (शनिवार) और 28.12.2025 (रविवार)** को निम्नलिखित समयसूची, ठहराव और गठन के अनुसार चलेगी: –

| हावड़ा–बोलपुर एक्सप्रेस (स्पेशल) आ. | प्र. | (03001) (03002) स्टेशन | बोलपुर–हावड़ा एक्सप्रेस (स्पेशल) आ. | प्र. |
|---|---|---|---|---|
| – | **07.15** | ↓ हावड़ा | **14.45** | – |
| 08.05 | 08.07 | बैण्डेल | 13.38 | 13.40 |
| 09.00 | 09.02 | बर्द्धमान | 12.38 | 12.40 |
| 09.34 | 09.36 | गुसकरा | 12.06 | 12.08 |
| **09.55** | – | बोलपुर ↑ | – | **11.50** |

**गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)– 09 और एसएलआर– 02 = 11 कोच।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter




'आपनो गांव' राजस्थानी मेला- 2025 के उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम के प्रधान अतिथि बेलारूस देश के वाणिज्य दूत व उद्योगपति सीताराम शर्मा, रूपा गंजी के निदेशक पद्मश्री प्रह्लाद राय अग्रवाल व कुंज बिहारी अग्रवाल, गीता पाठ के संयोजक कमल सिंह एवं अन्य गणमान्य शामिल हुए।


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**खुली निविदा क्रमांक: WCR-CRWS-BIOTANK-25-29**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:**–वर्क ऑफ आई आर–डीआरडीओ रिटेन्शन टैंक, वर्क ऑफ अंडर स्लंज बाटर टैंक एण्ड वर्क ऑफ बफिंग ऑफ एसएस कम्पोनेंट्स एस पर स्कोप ऑफ वर्क एट सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल। **कार्य की लागत**–रु.1,92,62,347.18, **निविदा फॉर्म का मूल्य**–0.00, **धरोहर राशि**–रु.2,46,400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि**–24 माह, **ऑनलाइन बिडिंग प्रारंभ होने का दिनांक/ ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय**–29.12.2025/ 12.01.2026 को 15.00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय**–12.01.2026 को 15.30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेब साइट "www.ireps.gov.in" एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका /भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

(हस्ता.)

**मुख्य कारखाना प्रबंधक**
**सडिपुका, निशातपुरा, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर



## कोलकाता-सायरंग एक्सप्रेस की समय-सारिणी में संशोधन

**13125 कोलकाता-सायरंग एक्सप्रेस** की समय-सारिणी **(यात्रा शुरू की तारीख) 03.01.2026 से** निम्नलिखित अनुसार संशोधित होगी: **कोलकाता: प्रस्थान 10.45 बजे**; नैहाटी जंक्शन: आगमन 11.30 बजे/प्रस्थान 11.32 बजे; कृष्णनगर सिटी जंक्शन: आगमन 12.33 बजे/प्रस्थान 12.35 बजे; बहरमपुर कोर्ट: आगमन 13.40 बजे/प्रस्थान 13.42 बजे; मुर्शिदाबाद: आगमन 13.54 बजे/प्रस्थान 13.56 बजे; आजिमगंज जंक्शन: आगमन 14.15 बजे/प्रस्थान 14.20 बजे; जंगीपुर रोड: आगमन 14.56 बजे/प्रस्थान 14.58 बजे; न्यू फरक्का जंक्शन: आगमन 15.40 बजे/ प्रस्थान 15.42 बजे; मालदा टाउन: आगमन 16.40 बजे/प्रस्थान 16.50 बजे; किशनगंज: आगमन 19.00 बजे/ प्रस्थान 19.02 बजे; न्यू जलपाईगुड़ी: आगमन 20.30 बजे/प्रस्थान 20.40 बजे; न्यू कूचबिहार: आगमन 22.45 बजे/प्रस्थान 22.50 बजे; तूफानगंज: आगमन 23.15 बजे/प्रस्थान 23.17 बजे; गोलकगंज जं.: आगमन 23.50 बजे/प्रस्थान 23.52 बजे; गौरीपुर: आगमन 00.33 बजे/प्रस्थान 00.35 बजे; बिलासीपाड़ा: आगमन 01.02 बजे/प्रस्थान 01.04 बजे; अभयपुरी असम: आगमन 01.48 बजे/प्रस्थान 01.50 बजे; गोवालपाड़ा टाउन: आगमन 02.02 बजे/प्रस्थान 02.04 बजे; कामाख्या: आगमन 04.30 बजे/प्रस्थान 04.35 बजे; गुवाहाटी: आगमन 05.10 बजे/प्रस्थान 05.20 बजे; होजाई: आगमन 07.13 बजे/प्रस्थान 07.15 बजे; न्यू हाफलोंग: आगमन 10.35 बजे/प्रस्थान 10.40 बजे; बदरपुर जं.: आगमन 14.15 बजे/प्रस्थान 14.25 बजे; हैलाकांडी: आगमन 15.08 बजे/प्रस्थान 15.10 बजे; लालाबाजार: आगमन 15.28 बजे/प्रस्थान 15.30 बजे; जमीरा: आगमन 15.58 बजे/प्रस्थान 16.00 बजे; भैरबी: आगमन 16.26 बजे/ प्रस्थान 16.28 बजे; **सायरंग : आगमन 18.15 बजे।**

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# सावनसुखा ग्रुप ने क्रिसमस पर वंचित लड़कियों को दिया कौशल विकास का तोहफा



**कोलकाता, समाज्ञा** : सावनसुखा ज्वैलर्स ने सावनसुखा इंस्टीट्यूट के सहयोग से कोलकाता की 50 वंचित लड़कियों के लिए एक विशेष क्रिसमस समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर लड़कियों को आभूषण निर्माण की कला से परिचित कराने हेतु एक कौशल विकास कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन सावनसुखा इंस्टीट्यूट के छात्रों और शिक्षकों द्वारा किया गया, जिन्होंने लड़कियों को हस्तनिर्मित कंगन बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। इस अनुभव ने न केवल उन्हें ज्वैलरी निर्माण की मूलभूत तकनीकों से परिचित कराया, बल्कि रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति को भी प्रोत्साहित किया। क्रिसमस के इस खास मौके पर सावनसुखा ज्वैलर्स और सावनसुखा इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ सावनसुखा ने प्रत्येक लड़की को वह कंगन उपहार स्वरूप दिया, जो उसने स्वयं बनाया था। इसके साथ ही कई अन्य सरप्राइज भी दिए गए, जिससे यह जश्न और भी हर्षोल्लासपूर्ण और अर्थपूर्ण बन गया। सिद्धार्थ सावनसुखा ने कहा, हमारा उद्देश्य संस्थान की विरासत को कक्षाओं तक सीमित न रखकर, ज्ञान और कौशल को युवा आकांक्षी प्रतिभाओं तक पहुंचाना है, ताकि सही मार्गदर्शन के साथ वे भविष्य में राष्ट्र का गर्व बन सकें।

## एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी के विद्यार्थियों ने कृतज्ञता और प्रेम के साथ मनाया क्रिसमस



**कोलकाता, समाज्ञा :** क्रिसमस के पर्व को विशेष बनाने के लिए एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी ने विद्यार्थियों के लिए एक भावनात्मक केक वितरण पहल का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में कृतज्ञता, संवेदनशीलता और सामूहिकता जैसे मूल्यों को बढ़ावा देना था। विद्यालय में आयोजित केक-मिक्सिंग सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वयं क्रिसमस केक तैयार किए। तैयार किए गए केक छात्रों ने विद्यालय के सहयोगी और हाउसकीपिंग स्टाफ को प्रेम और सम्मान के प्रतीक के रूप में वितरित किए। इस पहल के माध्यम से छात्रों ने देने की खुशी और क्रिसमस की सच्ची भावना-साझा करना, करुणा और दयालुता-को अनुभव किया। अकादमी की प्राचार्या डॉ. जयिता गांगुली ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों में मानवीय मूल्यों का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस पहल से हमारे छात्र कृतज्ञता, सहानुभूति और सम्मान सीखते हैं। प्री-क्रिसमस केक वितरण अभियान ने अकादमी की समग्र शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया और पूरे परिसर में उत्सव की खुशियां बिखेरीं।

# एसआईआर पर शांतनु ठाकुर की टिप्पणी को लेकर भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच झड़प

❑ **ठाकुरनगर में केंद्रीय मंत्री के खिलाफ निकाली गयी रैली**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर की 'बलिदान' वाली टिप्पणी के बाद उनके समर्थकों और तृणमूल कांग्रेस सांसद ममता बाला ठाकुर के समर्थकों के बीच झड़प हो गई, जिसके चलते एक मतुआ संगठन के मुख्यालय में तनाव व्याप्त हो गया। ममता बाला ठाकुर के समर्थकों ने उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में बांग्लादेश सीमा के निकट स्थित मतुआ महासंघ के आध्यात्मिक और प्रशासनिक मुख्यालय 'मतुआ बाड़ी' में विरोध प्रदर्शन किया। 'मतुआ बाड़ी' में स्थिति तब और बिगड़ गई जब तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करने के लिए शांतनु ठाकुर के आवास की ओर मार्च करने लगे। एक अन्य संगठन, अखिल भारतीय मतुआ महासंघ के महासचिव सुकेश चौधरी ने आरोप लगाया कि शांतनु ठाकुर के समर्थक भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'शांतिपूर्ण' प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हमला किया। चौधरी ने दावा किया कि ममता बाला ठाकुर के समर्थक बयान पर स्पष्टीकरण मांगने के लिए केंद्रीय मंत्री से मिलने पहुंचे, जिसे बाद विरोध प्रदर्शन हुआ। उल्लेखनीय है कि हाल में एक जनसभा में, शांतनु ठाकुर ने कहा था कि अगर 50 लाख बांग्लादेशी मुसलमानों और रोहिंग्याओं को मताधिकार से वंचित कर दिया जाता है और इस प्रक्रिया में एक लाख मतुआओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाते हैं, तो इसे 'आवश्यक बलिदान' के रूप में देखा जाना चाहिए। चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर, प्रदर्शनकारियों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने मेरे कान पर घूंसा मारा, नंटू गोसाई को बालों से खींचकर पीटा और यहां तक कि हमारी माताओं पर भी हाथ उठाया।



❑ **उनके बयान का गलत अर्थ निकाला गया : शांतनु ठाकुर**

विरोध प्रदर्शन के बाद, शांतनु ठाकुर ने दावा किया कि उनकी टिप्पणियों की गलत व्याख्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनका मतलब केवल यह था कि यदि भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी मुसलमानों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते समय कुछ प्रतिकूल परिणाम होते हैं तो समुदाय को तैयार रहना चाहिए।

❑ **शांतनु से नाराज हैं मतुआ समुदाय के लोग : ममता बाला ठाकुर**

तृणमूल कांग्रेस की सांसद ममता बाला ठाकुर ने हालांकि केंद्रीय मंत्री पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर मतुआ समुदाय को धोखा देने और संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) के नाम पर उनका राजनीतिक शोषण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शांतनु ठाकुर ने सीएए पर झूठे वादे करके पैसे जुटाए और अपनी पार्टी को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा केंद्र में सत्ता में रहते हुए ऐसा कर सकती है, तो पश्चिम बंगाल में पार्टी के सत्ता में आने पर राज्य का भविष्य क्या होगा?


## पूर्व रेलवे

**बिड संख्या:** जीईएम/2025/बी/7032004, **दिनांक: 22.12.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन व मालभाड़ा), पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोली आमंत्रित की जाती है। **वस्तु श्रेणी :** मासिक आधार पर कैब और टैक्सी किराये पर लेने की सेवाएं-प्रीमियम एसयूवी; 3000 किमी x 720 घंटे; आउटस्टेशन 24*7, **बिड बंद होने की तारीख/समय:** 01.01.2026, 16.00.00, **बिड खुलने की तारीख/समय:** 01.01.2026, 16.30.00, **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 60 (दिन)। **कार्यालय का नाम :** हावड़ा मंडल। **अनुबंध अवधि:** 1 वर्ष 9 माह। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** 26 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष :** 3 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है:** हाँ। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है:** नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है :** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया) *यदि कोई बिडर अनुभव/ टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकार :** दो पैकेट बिड। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय:** 2 दिन। **अनुमानित बिड मूल्य :** रु. 14,86,317/- **ईएमडी विवरण : एडवाइजरी बैंक :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी राशि:** रु.29,800/-, **ईपीबीजी विवरण : एडवाइजरी बैंक :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00, **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (माह) :** 30

HWH-486/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सं.: 234_2025-26 और 235 _2025-26, दिनांक 22.12.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 234_2025-26, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र में एईएन/एलएलएच के तहत एसएसई/पी.वे/ एलएलएच और एसएसई/पी.वे/टीएके के तहत यार्ड सुधार और यार्ड के उन्नयन के संबंध में पी.वे कार्य (टीएके, यूपीए, एसएचई, बीएचआर, एलएलएच डब्ल्यूएस में) जैसे सीटीआर (पी) -0.974 किमी, सीटीआर (एस)-8.334 किमी, टीआरआर(एस)-2.313 किमी, टीएसआर (एस) -2.313 किमी, टीटीआर-39 सेट (टीटीआर (एफएस+सीएस+सीएमएससी)-1 इन 8.5-18 सेट, टीटीआर (सीएस+ सीएमएससी)-1 इन 8.5-10 सेट, टीटीआर (डीएस)-1 इन 8.5-5 सेट, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+ डब्ल्यूसीएमएससी)-1 इन 12-4 सेट, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+ डब्ल्यूसीएमएससी-1 इन 8.5-1 सेट, टीटीआर (डी-क्रॉसिंग 1 सेट) टीबीआर-15.081 किमी, डीप स्क्रीनिंग, लिफ्टिंग, कर्व में टर्न का सुधार और अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,79,25,683.85, **बयाना राशि:** रु. 3,89,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 235_2025-26, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र में एईएन/बीडीसी के अधीन यार्ड सुधार और यार्ड के उन्नयन के संबंध में पी.वे कार्य (बीडीसी में) जैसे टीटीआर-32 सेट (टीटीआर (एफएस+सीएस +सीएमएससी)-1 इन 12-2 सेट और 1 इन 8.5-25 सेट, टीटीआर (डीएस) -1 इन 8.5-5 सेट, टीबीआर -9.139 किमी, टीएफआर -.795 किमी डीप स्क्रीनिंग, लिफ्टिंग, कर्व में टर्न का सुधार, फोर्स फिट लेआउट और अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,70,82,927.83, **बयाना राशि:** रु. 2,35,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 08.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**– ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-484/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नशा: युवा पीढ़ी का फैशन और स्टाइल

नीतू गुप्ता

बदलते माहौल ने युवा पीढ़ी को नशे की ओर धकेलने में खूब मदद की है। वैसे युवा पीढ़ी में नशे की शुरूआत फैशन और स्टाइल से शुरू होती है और धीरे धीरे युवा इसका गुलाम बनता चला जाता है पता ही नहीं चलता।

शराब और सिगरेट पीना युवा पीढ़ी का शौक है। उन्हें लगता है हम समाज में उच्च स्तर के दिखते हैं यदि पार्टी में एक हाथ में शराब का गिलास और दूसरे हाथ में धुआं उछालती सिगरेट हो। कभी कभी ये नशे युवाओं को इतनी दूर ले जाते हैं वहां से वापिस लौटना उनके लिए मुश्किल हो जाता है।



### नशे की गुलामी के लक्षण:-

- मूड स्विंग्स, जल्दी जल्दी मूड में बदलाव।
- तेज सिरदर्द होना।
- भूख कम लगना।
- नींद न आना।
- शारीरिक और मानसिक थकावट महसूस होना।
- पसीने का ज्यादा आना।
- याददाश्त कमजोर होना।
- बिना वजह उल्टी-दस्त होना।
- कन्फ्यूज रहना।
- जल्दी गुस्सा आना और स्वभाव चिड़चिड़ा बने रहना।
- दिल की धड़कन बढ़ना।

### क्यों लगती है आदत नशा करने की:-

- परिवार में अगर कोई सदस्य नशा करता है हो उसे देखकर आकर्षित हो कर विशेषकर बच्चे और टीनएज युवा इस गिरफ्त में जल्दी आते हैं।
- वैवाहिक संबंध ठीक न रहने के कारण कभी कभी कुछ लोगों को इसकी आदत पड़ जाती है। कभी कभी पारिवारिक समस्याएं भी कमजोर दिमाग और दिल वाले को इस ओर धकेलती है।
- स्ट्रेस और तनाव से बचने के लिए।
- फैशनेबल और स्टाइलिश दिखने के लिए शुरू में युवा इस युवा इस ओर आकर्षित होते हैं, फिर धीरे धीरे इसके आदी होते चले जाते हैं।
- स्ट्रेस और तनाव से बचने के लिए।
- फैशनेबल और स्टाइलिश दिखने के लिए शुरू में युवा इस ओर आकर्षित होते हैं. फिर धीरे धीरे आदी होते चले जाते हैं।
- कई युवा इसे मजे के लिए शुरू करते हैं और फिर यह आदत बनती चली जाती है।

### ड्रग्स खतरनाक हैं सेहत के लिए:-

- तंबाकू, गुटखा आदि का सेवन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों को निमंत्राण देने में मदद करता है।
- दिमाग की संवेदनशीलता को कम करता है।
- दिमाग में मौजूद कैमिकल्स के काम करने के तरीके को बदल देता है। ड्रग्स लेने से दिमागी कैमिकल्स बेअसर हो जाते हैं। ड्रग्स लेने से दिमाग में डोपामाइन नाम का केमिकल रिलीज होता है जो इंसान को कुछ समय हेतु अच्छा महसूस कराता है। इसी वजह से लोग ड्रग्स की ओर आकर्षित होते हैं।
- ड्रग्स ज्यादा लेने से जान तक जाने का खतरा रहता है।
- किसी भी तरह का नशा शरीर और मन पर प्रभाव डालता है।
- नशा करने वाले व्यक्ति अपने व्यवहार पर नियंत्रण खो देते हैं।

जीवन अनमोल है, इसे नशे के चंगुल से बचाएं:-

- अपना मन पक्का कर निश्चय करें कि अब मुझे नशा नहीं करना है।
- नशा छोड़ना आसान नहीं है पर नामुमकिन भी नहीं। धैर्य रखकर इस आदत से छुटकारा पाया जा सकता है।
- नशा मुक्ति के लिए परिवार का रोल बहुत बड़ा होता है। परिवार के सभी सदस्यों को मजबूत रहकर साथ देना चाहिए।
- उन लोगों से दूर रहें जो नशा करते हैं।
- नशे की आदत छोड़ने के लिए डाक्टर, काउंसलर या अच्छे मनोवैज्ञानिक से मिलें। नशा छोड़ने में आसानी मिलेगी।
- अपने अंदर के हुनर को तलाशें और उसे आगे बढ़ाने में जुट जाएं ताकि ध्यान उससे हट सके।
- कुछ नया सीखें जैसे कोई गेम, कोई नई भाषा, संगीत के यंत्रा बजाना, गाना गाना आदि।
- पौष्टिक आहार लें जिससे डैमेज हुआ शरीर दुरूस्त हो सके।
- अपने पास शराब, सिगरेट, गुटका, तंबाकू न रखें।
- नियमित व्यायाम करें ताकि शरीर और मन फिट और प्रफुल्लित रह सकें।
- जिंदगी अनमोल है, इस बात को समझें। अपने परिवार के उन सदस्यों को देखें जो आप पर निर्भर करते हैं और आपको प्यार करते हैं।
- नशे से होने वाले शारीरिक व मानसिक नुकसान के बारे में डायरी में लिखें। डायरी पढ़ने पर आपको महसूस होगा कि नशा आपके जीवन को कितना नुकसान पहुंचा रहा है।
- मेडिटेशन और योग भी आपके दिमाग को स्ट्रांग बनाने में मदद करता है। (स्वा.द.)

# रसायनों से पके फल घातक

अयोध्या प्रसाद 'भारती'

आजकल बाजार में रसायनों से पकाए गए फल ही मुख्यतः बिकते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बड़े घातक हैं। आम, केला, पपीता, चीकू आदि फल रसायनों की मदद से पकाए जाते हैं। ये रसायन आंतों, दिल, फेफड़े, गुर्दो आदि को नुकसान पहुंचाते हैं। शासन-प्रशासन, चिकित्सक, समाज सेवी और जागरूक लोग इस ओर से आंखें मूंदे हुए हैं। उन्हें नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य की जरा भी चिंता नहीं है।



जरा-जरा सी बात पर हो-हल्ला मचाने वाले विपक्षी राजनैतिक और सामाजिक संगठन और बुद्धिजीवी इस समस्या की ओर से आंखें मूंदे हुए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि फलों को पकाने में प्रयुक्त होने वाले रसायनों से कैंसर जन्मने की प्रबल संभावना है। यूं तो यह रसायन पाउडर के रूप में मिलता है और फलों के मध्य कागज में लपेटकर रखा जाता है और इससे निकलने वाली गैस से फल पकते हैं लेकिन इन फलों में समाई गैस तो नुकसान देती ही है।

फल पकने के बाद उलटने पलटने के वक्त अधिकांश पुड़ियां फट जाती है। फलों पर चूंकि चिपचिपाहट होती है, इस कारण पाउडर फलों पर चिपक जाता है। गैर जानकार लोग या पानी के अभाव में दूसरे लोग भी फलों को बिना धोए खा लेते हैं। यदि फलों को धो भी लिया जाए, तब भी रसायन पूरी तरह फलों से छूटते नहीं हैं। इस तरह हमारे शरीर के लिए हानिकारक इन रसायनों का कुछ अंश हमारे शरीर में पहुंच जाता है।

मुनाफे की संस्कृति ने व्यापारी को इतना जनविरोधी बना दिया है कि वह सिर्फ अपने भले की ही सोचता है। फलों और सब्जियों पर कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग होता है। यहां ऐसी अनेक कीट और रोगनाशक दवाएं इस्तेमाल की जा रही हैं जिनको विकसित देशों में प्रतिबंधित कर दिया है।

डाल पर पके फल तोड़ने और उन्हें बाजार तक ले जाने में काफी फल नष्ट हो जाते हैं, इसलिये अधपके फल तोड़कर उन्हें गोदामों में सहेज लिया जाता है। उनके मध्य फल पकाने वाले रसायन रख दिए जाते हैं। इस तरह पके फलों से भले ही खाने वालों को नुकसान होता हो पर व्यवसायी अधिक मुनाफा कमाने में सफल रहते हैं।

जरूरत इस बात की है कि रसायनों से फल पकाने के खिलाफ अभियान छेड़ा जाए और घरों में फलदार वृक्ष लगाने की आदत डाली जाए। इससे डाल के पके सुरक्षित फल तो प्राप्त होंगे ही, धरती के बिगड़ते पर्यावरण को बचाया जा सकेगा। घर में ही अच्छे फल प्राप्त होने से स्वास्थ्य तो बेहतर रहेगा ही, बाजार में खर्च किया जाने वाला पैसा भी बचेगा।

आम, अमरूद, केला, अंगूर आदि फल हर तरह की जलवायु में हो जाते हैं। घर में विभिन्न फलों के होने का एक फायदा यह भी है कि जिस वक्त चाहें। ताजे फल मिलेंगे। बाजार से खरीदे फल भी अच्छी तरह धोकर ही खाएं/खिलाएं। (स्वास्थ्य दर्पण)

# गाजर के हैं लाभ अनेक

तरन्नुम अतहर

गाजर की उपयोगिता से बहुत कम लोग वाकिफ होंगे। बाजार में कई रंगों की गाजर मिलती है। लाल, नारंगी और काली गाजरों का इस्तेमाल हम अलग-अलग प्रकार से और अलग-अलग रूप में करते हैं। इन गाजरों का हलवा, जूस, अचार, सब्जी और कई अन्य प्रकार से प्रयोग हम कर सकते हैं।



- बच्चों के लिए गाजर खाना बहुत फायदेमंद होता है। इन गाजरों का सूप बना कर या सलाद या फिर कच्ची ही बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को खिला सकते हैं।
- चेहरे पर आई झुर्रियों को कम करने में गाजर बहुत उपयोगी है। बचपन से आप अगर गाजर का नियमित सेवन करते हैं तो आपको असमय हुई झुर्रियों का सामना नहीं करना पड़ेगा है। गाजर को हम चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने में फेसपैक के रूप में इस्तेमाल करते हैं। उबटन के रूप में गाजर का इस्तेमाल करने से चेहरे के सांवलेपन से बचा सकता है।
- गाजर का उबटन बनाने के लिए सबसे पहले दो चम्मच गाजर का जूस लें। उसमें दो चम्मच बादाम का तेल और उसी मात्रा में बेसन मिलाएं। अच्छी तरह से मिक्स करके उसका पेस्ट बना लें और बीस मिनट बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें। फिर देखें गाजर का कमाल। इस उबटन का प्रयोग करते रहने से त्वचा पर जमी मैल साफ हो जाती है।
- अगर आप दिन में दो गिलास गाजर का जूस पीते हैं तो यह आपके हाज़मे को ठीक रखता है। गाजर शरीर से गंदे पदार्थो को बाहर निकालने में मदद करती है। और तो और, अल्सर जैसी खतरनाक बीमारी में भी गाजर फायदा करती है। कमजोरी से अगर आपको चक्कर आते हों तो गाजर खाना आपके लिए संजीवनी बूटी का काम करेगा।
- गाजर और नींबू का रस मिला कर पीने से दस्त आना बंद हो जाते हैं। दिन में दो से तीन बार इस जूस को पीने से दस्तों में फौरन फायदा पहुँचता है।
- बच्चों को डायरिया होने पर इस विधि का इस्तेमाल करें। एक भगोने पानी में तीन-चार गाजरों को उबालें। उबालने से वह नरम पड़ जाती हैं। उसके बाद उनका गूदा निकालें और जूस तैयार कर लें। उसमें थोड़ा सा नमक मिला लें और बच्चों को थोड़ी-थोड़ी देर में इसे देते रहें। बहुत जल्द आराम मिलेगा।
- लाल गाजर आँखों, दांतों और पेट के लिए बहुत फायदेमंद होती है। विटामिन 'ए' से युक्त गाजर के सेवन से आँखों की बीमारी 'नाइट ब्लाइंडनेस' से काफी हद तक ठीक हो सकती है।
- गाजर को खाने में कुछ सावधानी बरतनी चाहिए जैसे कि अगर आप गाजरों को कच्ची ही खा रहे हैं तो भूल से भी उसकी ऊपरी तह को न छीलें क्योंकि उसी तह में विटामिन्स और पोषक तत्व छुपे होते हैं।
- गाजर को अगर आपके बच्चे कच्चे रूप में या नमकीन रूप में न पसंद करते हों तो आप उनका हलवा बना कर खिला और खा सकते हैं। इस तरह से आपकी समस्या भी सुलझ जाएगी और बच्चे भी खुश रहेंगे। (स्वा.द.)

# हंसिए-हंसाइए, रोग दूर भगाइए

उमेश कुमार साहू

जीवन सुख-दुख, अनुकूल-प्रतिकूल, अच्छी-बुरी परिस्थितियों का मिला जुला रूप है। यहां सब कुछ इच्छानुसार नहीं होता। प्रतिकूलताएं आती-जाती रहती हैं। जब जीवन में कठिनाइयां- असुविधाएं आती हैं तो मानसिक तनाव और शारीरिक थकान का पैदा होना स्वाभाविक है।



ऐसी स्थितियों में आत्मरक्षा का एक ही कारगर उपाय है-हर समय प्रसन्न रहने के लिए हँसने-मुस्कराने का सहारा लिया जाए। हंसते हंसाते रहने से विषम परिस्थितियों में भी जीवन की गाड़ी आसानी से आगे बढ़ जाती है।

निराशा, उदासी, खिन्नता को दूर करने और भारी मन को हल्का करने में हंसने-मुस्कुराने से बढ़िया उपाय दूसरा नहीं है। इसके लिए स्वस्थ मनोरंजन, मनोविनोद, हंसी-खुशी के प्रसंगों को अपनी दिनचर्या में अधिक-से-अधिक स्थान देना आवश्यक है। ईश्वर ने सभी प्राणियों में मनुष्य को हंसने-मुस्कुराने की विशेषता प्रदान कर उसे श्रेष्ठ उपहार दिया है।

जीवनी शक्ति को बढ़ाने, मन को प्रसन्नचित्त रखने, तनाव से मुक्ति दिलाने में हास्य बहुत सहायक है। प्रसन्नचित्त व्यक्ति जितने उन्नत, सुखी और शांत देखे जाते हैं, उतने उदास, खिन्न, मनहूस नहीं। प्रसन्न व्यक्तियों की बुद्धि अधिक तीव्र और विचार अधिक स्थिर होते हैं। ऐसे व्यक्ति जीवन की कठिनाइयों, परेशानियों को झेलने में अधिक समर्थ होते हैं।

रोगी के लिए भी हंसना व प्रसन्नचित्त रहना बहुत आवश्यक है। जो प्रसन्नचित्त और मुस्कुराते रहते हैं, उन पर दवाइयों का असर भी तेजी से होता है और वे शीघ्र ही स्वस्थ हो जाते हैं। ठहाका लगाकर हंसने वालों का पाचन संस्थान अधिक तेजी से कार्य करता है। ईर्ष्या, द्वेष, भय, उत्तेजना, क्रोध और चिंता जैसे मनोविकारों के कारण अथवा शारीरिक रोगों के फलस्वरूप शरीर में जो विष उत्पन्न हो जाते हैं, उनके निष्कासन में हंसना बहुत ही सहायक होता है।

प्रसन्न रहने व मुस्कराते रहने के लिए आवश्यक नहीं कि धन, संपत्ति और बहुमूल्य साधन सुविधाएं ही हों। मात्र विचार करने की शैली में परिवर्तन और दृष्टिकोण का सही रखना अत्यंत आवश्यक है। हंसने मुस्कराने से मन हल्का होता है, ताज़गी और स्फूर्ति बनी रहती है।

जिस प्रकार वृक्ष की जड़ में पानी देने से पत्तियां, फूल, तना, और सभी अंग पोषक तत्व प्राप्त कर लेते हैं उसी प्रकार हंसने मुस्कराने से शरीर के अंग-अवयवों की सक्रियता और स्फूर्ति भी बढ़ जाती है। यह स्वास्थ्य के लिए महौषधि है।

हंसना, मुस्कराना, प्रसन्न रहना अपने स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, घर-परिवार, मित्रा, पड़ोसी सभी की प्रसन्नता के लिए बहुत आवश्यक है। इसमें कुछ खर्च नहीं होता वरन् मिलनसारिता और आत्मीयता बढ़ती है तथा स्वस्थ और स्फूर्तिवान रहा जा सकता है। इसलिए हमें यही प्रयास करते रहना चाहिए कि सदैव हंसते-मुस्कराते बने रहकर प्रसन्न रहा जाय। जो प्रसन्न रहते हैं वास्तव में वे ही सुखी हैं। (स्वा.द.)

# उच्च रक्तचाप- कारण व निदान

राजेश कुमार 'रंजन'

रक्तचाप प्राचीन काल से ज्ञात रोग है। यह एक बार प्रकट होने के बाद जीवन भर का साथी बन जाता है। जीवन की अनेक स्थितियां खान-पान, रहन-सहन, व्यायाम न करना, मानसिक परेशानियां, गर्भावस्था और प्रसव आदि कारक रक्तचाप के रोगी को प्रभावित करती हैं।

80 से 85 प्रतिशत लोगों में उच्च रक्तचाप के कारण का पता नहीं लग पाता। केवल 15 से 20 प्रतिशत लोगों में उच्च रक्तचाप के कारण का पता लगता है। यह रोग होने के अनेक कारण हैं जैसे - 1. गुर्दे की खराबी के कारण। 2. खून नली में चर्बी जमा होने से, 3. लगातार गर्भनिरोधक गोलियों के सेवन करने से। 4. गर्भवती महिलाओं में 5. गलत जीवन शैली।

### लक्षण

वैसे तो उच्च रक्तचाप के लोगों में कोई खास लक्षण नहीं मिलते परन्तु कुछ लोगों में निम्न लक्षण पाये जाते हैं जैसे-सिर में दर्द होना, पेशाब का ज्यादा होना, धड़कन ज्यादा होना आदि।



### उच्च रक्तचाप के दुष्प्रभाव -

1. उचित इलाज नहीं करवाने से रोगियों में पक्षाघात हो सकता है।
2. मस्तिष्क में नस का फटना जिसके चलते अधिकतर लोगों की मृत्यु हो सकती है।
3. अधिक दिनों तक रोग का उपचार नहीं होने पर आंख पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है जिसके चलते रोगी अंधा हो सकता है।
4. इस रोग में हृदयाघात की संभावना अधिक होती है।
5. उपचार नहीं होने पर गुर्दे भी काम करना बन्द कर देते हैं जिससे रोगी की मृत्यु हो जाती है।

### उपचार

उच्च रक्तचाप खानपान एवं मानसिक तनाव से नियंत्रित होता है। रोगी को खानपान में सावधानी बरतनी चाहिए तथा तनावमुक्त जीवन व्यतीत करने का प्रयत्न करना चाहिए। खानपान में घी व तेल का सेवन कम करना चाहिए। धूम्रपान भी नहीं करना चाहिए। नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। उपचार के लिए कई दवाएं भी इस्तेमाल में लाई जाती हैं जिसके नियमित सेवन से उच्च रक्तचाप को नियंत्राण में रखा जा सकता है।

यह रोग जड़ से नष्टमूल नहीं हो पाता। इसके लिए जीवनपर्यन्त खानपान में नियंत्राण, मानसिक रूप से तनावमुक्त रहना, धूम्रपान छोड़ने तथा नियमित दवाओं के सेवन से उच्च रक्तचाप को नियंत्राण में रखा जा सकता है। (स्वा.द.)

# रोगों का घर है फास्ट फूड

दिव्य प्रकाश

शहरों की सड़कें हों या गांव की पगडंडियां, हर जगह 'टन-टन' और 'ठक-ठक' की आवाज के साथ यदि कोई पाश्चात्य संस्कृति सैकण्डों में छा गई है तो वह है फास्ट फूड का बढ़ता प्रचलन।

हर किसी की जिह्वा पर फास्ट-फूड का स्वाद चढ़ गया है और यही कारण है कि शहरों में तो भरमार है ही, साथ-ही-साथ गांवों में भी जगह-जगह ठेले पर फास्ट-फूड के स्टाल मिल जाएंगे।

फास्ट-फूड या जंक फूड के फैशन का चस्का सबसे ज्यादा किसी को लगा है तो वह है युवा वर्ग। आज युवक-युवतियों व किशोर किशोरियों पर फास्ट-फूड का सेवन इतना हावी हो गया है कि उनकी जेब में दो पैसे रहे, न रहे किंतु फास्ट-फूड चाहिए जैसे भी हो।



जिस फास्ट-फूड या जंक-फूड के लिए किशोर-किशोरियां अत्यंत गंभीर कदम उठा पारिवारिक रिश्तों, आचरण, व्यवहार को बिगाड़ लेते हैं, वही फास्ट-फूड स्वस्थ शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि फास्ट फूड या जंक-फूड जैसे पदार्थों का सेवन शरीर के लिए विष के समान है। इसका सेवन करने वाले व्यक्तियों में अनेक प्रकार की गंभीर तथा भयानक बीमारियां पाई जाती हैं।

जैसा कि सभी लोग जानते हैं कि हमारे शरीर में रक्षातंत्र होते हैं जो बीमारियों से लड़ते रहते हैं। यह जानकर और आश्चर्य होगा कि हमारा रक्षा तंत्र फास्ट-फूड का उतना ही विरोध करता है और उसके विरूद्ध कदम उठाता है जितना चोरी की खबर पर पुलिस दौड़ती है और एक्शन लेती है। इस प्रकार फास्ट-फूड से लड़ने के कारण रक्षातंत्र की सारी शक्ति उसी ओर लग जाती है जिससे हमारा शरीर फास्ट-फूड की हानियों से तो बच जाता है किंतु अनेक प्रकार के रोगों का घर बन जाता है।

हाल ही में विशेषज्ञों की एक टीम ने प्रयोग किया और आश्चर्यचकित कर देने वाले अनेक रोमांचकारी तथ्यों को उजागर किया है। आश्चर्य की बात यह है कि मधुमेह (डायबिटिज) जैसी भयानक बीमारी के शिकारों में फास्ट-फूड या जंक-फूड का सेवन करने वालों की संख्या अत्यधिक है और इससे भी आश्चर्यचकित कर देने वाला तथ्य यह है कि फास्ट फूड के सेवन से हुए मधुमेह के शिकार मरीजों में किशोर-किशोरियों की संख्या सबसे अधिक है। अतः यह आवश्यक है कि फास्ट-फूड से किशोर-किशोरियां युवक-युवतियां ही नहीं बल्कि सभी लोग बचें।

फास्ट-फूड के हानिकारक तत्वों से बचने के लिए व्यायाम, योगाभ्यास, टहलना आदि अत्यंत आवश्यक होता है। खासकर आज के युवक-युवतियों को जिन्हें अपना उज्ज्वल भविष्य बनाना है, फास्ट-फूड से दूर ही रहना चाहिए क्योंकि फास्ट फूड एक ऐसा 'मीठा जहर' है जो तन एवं मन दोनों को ही अविचल बना डालता है। (स्वा. द.)

# सेहत की खबरें

सोनी मल्होत्रा

## श्वसन रोगों से बचाते हैं फल व सब्जियां

फलों और सब्जियों के एंटी आक्सीडेंट गुणों के कारण उनका सेवन स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा माना गया है। फलों व सब्जियों में छुपे गुणों को जानने के लिए विशेषज्ञ समय-समय पर शोध करते रहे हैं। अभी हाल ही में ब्रिटेन की नार्टिघम यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार सेब व टमाटर का सेवन फेफड़ों और सांस के रोगों से सुरक्षा प्रदान करता है।

ब्रिटेन में किए गए इस शोध में 2633 वयस्कों की भोजन की आदतों का अध्ययन किया गया और विशेषज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि जो व्यक्ति सेब और टमाटर का अधिक सेवन करते हैं, उनके फेफड़े अच्छी तरह से कार्य करते हैं और वे श्वसन रोगों से भी मुक्त रहते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सेब या टमाटर ही नहीं बल्कि सब फल व सब्जियां अपने में ऐसे बहुत-से गुण लिए हुए हैं जो कई बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

## स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाता है आशावादी होना

विशेषज्ञों का मानना है कि आशावादी व्यक्ति का स्वास्थ्य निराशावादी व्यक्ति की तुलना में अच्छा होता है। यही नहीं, अगर आशावादी व्यक्ति बीमार भी पड़ते हैं तो निराशावादियों की तुलना में जल्दी स्वस्थ हो जाते हैं। सकारात्मक भावनाएं जैसे खुशी, उत्साह आदि व्यक्ति के मन पर अच्छा प्रभाव डालती हैं और आशावादी व्यक्ति तनाव रहित रहता है। आज के आधुनिक जीवन के कई रोगों की जड़ तो यह तनाव ही है।

आशावादी व्यक्ति तनाव का अनुभव कम करते हैं इसलिए उन्हें तनाव से संबंधित परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है इसलिए इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी ज्यादा अच्छी रहती है। जीवन की कठिन परिस्थितियों से निराशावादी व्यक्ति घबरा जाता है और उनका सामना नहीं करता जबकि आशावादी व्यक्ति गंभीर से गंभीर परिस्थितियों में भी अपनी लगन व हिम्मत जुटाये रखता है और हर बीमारी का सामना भी हिम्मत से करता है और अपनी बीमारी पर विजय पा लेता है।

## लम्बी उम्र का राज है स्वस्थ आदतें

यह तो हम सब जानते ही हैं कि स्वस्थ आदतें व्यक्ति के जीवन को बीमारी रहित बनाती हैं पर हाल ही में स्टेण्डफोर्ड यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के विशेषज्ञों द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार स्वस्थ आदतें व्यक्ति की उम्र भी लम्बी करती हैं। इन विशेषज्ञों ने अपने शोध में लगभग 1700 व्यक्तियों की आदतों की विस्तृत जांच की और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि जो लोग नियमित व्यायाम करते हैं, धूम्रपान नहीं करते और सही खान पान रखते हैं, वे अधिक उम्र जीते हैं और जीवन शैली से संबंधित बीमारियों जैसे हृदय रोगों, उच्च रक्तचाप आदि से सुरक्षा पाते हैं जबकि गलत जीवन शैली व स्वस्थ आदतों को न अपनाने वाले व्यक्ति बीमारियों का शिकार तो बनते ही हैं, साथ ही अपनी आयु सीमा भी कम कर लेते हैं इसलिए अगर आप बीमारियों से बचना चाहते हैं व लम्बी आयु पाना चाहते हैं तो आज से ही अपनी आदतों को सुधार लें।

## सोया प्रोटीन का उत्तम स्रोत

विशेषज्ञों के अनुसार सोयाबीन न केवल प्रोटीन का अच्छा स्रोत है बल्कि इसके नियमित सेवन से हृदय रोगों से बचा जा सकता है जो स्वास्थ्यप्रद है। सोयाबीन रक्त में बुरे कोलेस्ट्रोल की मात्रा को कम कर हृदय रोगों की संभावना को कम करता है। सोयाबीन में प्रोटीन की मात्रा गेहूं की तुलना में चार गुना अधिक और मांस से प्राप्त होने वाले प्रोटीन की तुलना में डेढ़ गुना अधिक होती है।

प्रोटीन भी कार्बोहाइड्रेट की तरह शरीर को ऊर्जा देते हैं। हमारे शरीर के प्रत्येक हिस्से की हर इकाई-हड्डी, रक्त, मस्तिष्क, त्वचा तथा बालों में प्रोटीन होते हैं। इसके अतिरिक्त शरीर में होने वाली अनेक क्रियाओं में प्रोटीन विशेष भूमिका निभाते हैं। सोया के अतिरिक्त प्रोटीन के अच्छे स्रोत हैं मांस, मछली, अंडा, दूध, गेहूं, दाल, मूंगफली, बादाम, अखरोट, अनाज आदि।

## अपने शरीर के अंगों को रिटायर न होने दें

शारीरिक सक्रियता के अभाव में मांसपेशियां नर्म, कमजोर एवं शिथिल हो जाती हैं, यह जानते हुए भी हम शारीरिक श्रम करने से कतराते हैं। ब्रिटेन में किए गए एक शोध के अनुसार शारीरिक सक्रियता हर उम्र के व्यक्ति के लिए आवश्यक है किंतु अधेड़ावस्था और वृद्धावस्था के लोगों के लिए इसकी आवश्यकता बढ़ जाती है। अगर व्यक्ति वृद्धावस्था में शारीरिक रूप से चुस्त रहना चाहता है तो इसके लिए जरूरी है कि व्यक्ति शारीरिक रूप से सक्रिय रहे चाहे वह पैदल चलना हो, व्यायाम करना हो या सीढ़ियां चढ़ना हो।

इस मामले में पुरूषों की तुलना में महिलाओं को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि एक अन्य शोध में पाया गया है, कि उम्र बढ़ने के बावजूद पुरूषों की सक्रियता में उतनी कमी नहीं आती जितनी महिलाओं की सक्रियता में। इसी कारण से उनमें सीढ़ियां चढ़ने व रोजमर्रा के कामों को करने में भी मुश्किल आती है पर इसका कारण कोई बीमारी नहीं बल्कि अंगों का उपयोग न होना है, इसलिए अगर आप भी चाहते हैं कि आप बुढ़ापे में चुस्त दुरूस्त रहें और आपके शारीरिक अंग रिटायर न हों तो सबसे जरूरी है उनसे काम करवाना।

## गलत खान-पान बढ़ाता है हृदय रोगों को

पिछले कुछ सालों में दिल की बीमारियों में वृद्धि हुई है। दुनियां भर में दिल की बीमारी से मरने वाले लोगों की संख्या में भी काफी बढ़ोत्तरी हुई है। सभी विशेषज्ञों का यह मानना है कि खान-पान व रहन सहन की आदतों में सुधार लाकर हम हृदय रोगों की संभावना को कम कर सकते हैं।

हृदय रोग होने के कारणों से तो हर व्यक्ति परिचित है जैसे अधिक वसा युक्त भोजन का सेवन, शारीरिक श्रम का अभाव, अल्कोहल का सेवन, धूम्रपान, तनाव, गलत खान पान, उच्च रक्तचाप आदि। इन सभी कारणों पर नियंत्राण पाकर हम न केवल हृदय रोगों बल्कि अन्य बहुत-सी बीमारियों पर भी नियंत्राण पा सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं।

## धूम्रपान खतरनाक है हृदय के लिए

हाल ही में किए गए शोध से पता चला है धूम्रपान के कारण 20 प्रतिशत हृदय रोग होते हैं। धूम्रपान के कारण हमारे शरीर में कार्बन मोनोआक्साइड जाती है जो बहुत ही हानिकारक गैस है।

अधिक समय तक धूम्रपान करते रहने से रक्त वाहिनियां सख्त हो जाती हैं जिसके कारण हृदय को सही मात्रा में रक्त नहीं पहुंच पाता, इसलिए हृदय रोगों की संभावना को कम करने के लिए धूम्रपान पर पूर्णतः रोक बहुत जरूरी है।

धूम्रपान करने वाले व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के लिए तो खतरा पैदा करते ही हैं साथ ही अपने आस-पास रहने वालों को भी दूषित वायु देकर उनके स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

## भोजन में रेशे हृदय रोगों से बचाव

बोस्टन में हाल ही में किए गए एक शोध से पता चला है कि हृदय रोगों की संभावना को कम करने के लिए भोजन में रेशे की मात्रा अधिक लें। रेशे के अच्छे स्रोत हैं अनाज, फल व सब्जियां। यह शोध 68000 महिलाओं पर किया गया और पाया गया कि जिन्होंने रेशे की मात्रा अधिक ग्रहण की, उनमें हृदय रोग होने की संभावना बहुत कम पायी गयी है। इसके साथ-साथ उनमें कोलेस्ट्रोल की मात्रा नियंत्रित रही। रक्त में शर्करा का स्तर भी कम रहा। स्वा.द.)

## मणिपाल हॉस्पिटल्स की 'अन्वेषणा' पहल से हावड़ा में उन्नत चिकित्सा सेवाओं पर फोकस

**हावड़ा, समाज्ञा** : पूर्वी भारत में न्यूरोलॉजिकल, रक्त संबंधी और हृदय रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए मणिपाल हॉस्पिटल, ईएम बाइपास ने हावड़ा में 'अन्वेषणा - मीडिया के लिए चिकित्सा शिक्षा' कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इसमें न्यूरोसर्जरी, हीमैटोलॉजी और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के विशेषज्ञों ने बदलते रोग पैटर्न, समय पर निदान और उन्नत उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. एल. एन. त्रिपाठी ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक और स्पाइन संबंधी बीमारियों में शुरुआती पहचान और मिनिमली इनवेसिव न्यूरोसर्जरी से बेहतर परिणाम संभव हैं। डॉ. राजीब दे ने कहा कि एनीमिया, थैलेसीमिया और रक्त कैंसर में एडवांस्ड डायग्नोस्टिक्स व बोन मैरो ट्रांसप्लांट से मरीजों की जीवन गुणवत्ता सुधर रही है। वहीं, डॉ. अभिषेक रॉय ने आधुनिक इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी तकनीकों से जटिल हृदय रोगों के सुरक्षित और प्रभावी इलाज पर जोर दिया। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि अब पश्चिम बंगाल में ही विश्वस्तरीय उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को बाहर जाने की जरूरत नहीं है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राज्यपाल वीके सिंह ने मिजोरम में सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया



**आइजोल :** मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह ने बुधवार को आइजोल के जोखावसांग इलाके में असम राइफल्स के बेस पर राज्य का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सिंह ने 108 फुट ऊंचे ध्वजदंड पर तिरंगा फहराते हुए कहा कि यह मिजोरम के लिए ऐतिहासिक महत्व का पल है। उन्होंने राज्य के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के लिए जोखावसांग को चुनने के लिए असम राइफल्स और 'फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की सराहना की। सिंह ने कहा कि क्रिसमस की पूर्व संध्या पर इस राष्ट्रीय ध्वज को फहराया जाना लोगों के बीच सद्भाव, आशा और एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर राज्य के गृह मंत्री के सपडांगा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज एकता, देशभक्ति, निस्वार्थ बलिदान और उज्ज्वल भविष्य की आशा का प्रतीक है।

### तमिलनाडु में सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत

**कुड्डालोर (तमिलनाडु) :** तमिलनाडु के कुड्डालोर में बुधवार को एक सरकारी बस की दो वाहनों से भिड़ंत की घटना में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि टायर फटने के कारण बस विपरीत दिशा की ओर चली गयी थी। तिरुचिराप्पल्ली से चेन्नई जा रही राज्य सरकार की एक बस बुधवार को टायर फटने के कारण डिवाइडर तोड़कर विपरीत लेन में चली गई और सामने से आ रहे वाहनों से टकरा गई। जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, चेन्नई से तिरुचिरापल्ली की ओर जा रही दो गाड़ियों (एक एसयूवी और एक कार) से बस की भिड़ंत हो गई। दोनों गाड़ियों में सवार सात लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

### पुरी जगन्नाथ मंदिर : रत्नभंडार के मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने का काम 2026 में शुरू होगा

**भुवनेश्वर :** न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने बुधवार को कहा कि पुरी जगन्नाथ मंदिर के रत्नभंडार में रखे गए बहुमूल्य सामानों की सूची तैयार करने का काम अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। इस उद्देश्य के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष रथ ने कहा कि सटीक तिथियां अभी तय नहीं की गई हैं। उन्होंने कटक में पत्रकारों से कहा, ''हमारा लक्ष्य जनवरी तक रत्न भंडार में मौजूद कीमती सामानों की सूची तैयार करना शुरू करना है। हालांकि, तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं। समिति 27 दिसंबर को इस मामले पर चर्चा करेगी।'' श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के प्रमुख अरबिंद पाधी ने कहा कि 27 दिसंबर को होने वाली बैठक में रत्न भंडार के आभूषणों और कीमती सामानों की सूची तैयार करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के मसौदे पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### लाल किला विस्फोट : अदालत ने सात आरोपियों की न्यायिक हिरासत आठ जनवरी तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को लाल किला विस्फोट मामले में सात आरोपियों की न्यायिक हिरासत 15 दिनों के लिए बढ़ा दी। अदालत ने डॉ. अदील राठेर, डॉ. मुजम्मिल गनई, डॉ. शाहीन सईद, मौलवी इरफान अहमद, जासिर बिलाल वानी, आमिर राशिद अली और शोएब को 15 और दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले, तीनों चिकित्सकों और अहमद को 12 दिसंबर को 12 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अली और वानी को 10 दिसंबर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। शोएब को 19 दिसंबर को पांच दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

# मानवता, देश के लिए सिख गुरुओं के बलिदान की बराबरी पूरी दुनिया में कोई नहीं कर सकता: अमित शाह

**पंचकूला :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिख गुरुओं की ओर से मानवता के लिए दिए गए बलिदान को बुधवार को याद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश और दुनिया के सामने सिख गुरु परंपरा को रेखांकित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शाह वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित 'साहिबजादों को नमन' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में साहिबजादों के जीवन और बलिदान पर एक प्रदर्शनी, एक रेत कला शो और एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया। अपने संबोधन के दौरान शाह




ने दसवें सिख गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान के बारे में बात की और कहा कि मोदी सरकार ने 2022 में 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से स्कूलों में साहिबजादों के जीवन के बारे में पढ़ाया जाता है और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। शाह ने कहा कि सभी राज्य, चाहे वे किसी भी पार्टी द्वारा शासित हों, इस दिन को मनाते रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान, गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ, गुरु नानक देव का 550वां प्रकाश पर्व, गुरु तेग बहादुर का 400वां प्रकाश पर्व और गुरु गोबिंद सिंह जी का 350वां प्रकाश पर्व पड़ा।

### केंद्र सरकार मादक पदार्थों, मानव तस्करी के खिलाफ जंग में राज्यों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार मादक पदार्थों तथा मानव तस्करी, साइबर अपराध तथा संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई में राज्यों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। शाह ने कहा कि कुछ साल पहले देश में कानून-व्यवस्था के मामले में तीन बड़ी चुनौतियां थीं - वामपंथी उग्रवाद, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और पूर्वोत्तर में सशस्त्र समूह। उन्होंने दावा किया, ''लेकिन मोदी सरकार के गठन के 10 साल बाद, इन तीनों क्षेत्रों में शांति है और देश इन तीनों मोर्चों पर सुरक्षित है।'' शाह यहां 'रिक्रूट बेसिक कोर्स' (आरबीसी) बैच-93 की पासिंग आउट परेड (पीओपी) को संबोधित कर रहे थे। नये रंगरूटों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''आपका नेतृत्व इसके लिए तैयार है, और आपको अपने नेतृत्व को मजबूत करना होगा।''

## भारत ने थाईलैंड-कंबोडिया के बीच संघर्ष के दौरान एक हिंदू देवता की मूर्ति को तोड़े जाने पर चिंता जताई

**नयी दिल्ली :** भारत ने थाईलैंड और कंबोडिया के बीच जारी सैन्य संघर्ष के दौरान एक हिंदू देवता की मूर्ति को तोड़े जाने पर बुधवार को चिंता व्यक्त की। भारत ने कहा कि इस तरह के अपमानजनक कृत्य से दुनिया भर में श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती हैं। साथ ही,



भारत ने थाईलैंड और कंबोडिया से अपने सीमा विवाद को बातचीत व कूटनीति के जरिए सुलझाने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने हाल के समय में बनाई गई एक हिंदू देवता की मूर्ति को तोड़े जाने की खबरें देखी हैं, जो थाईलैंड-कंबोडिया सीमा विवाद से प्रभावित क्षेत्र में स्थित थी। उन्होंने कहा, हिंदू और बौद्ध देवताओं को पूरे क्षेत्र में लोग गहरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजते हैं और यह हमारी साझा सभ्यतागत विरासत का हिस्सा है।

## असम के हिंसा प्रभावित वेस्ट कार्बी आंगलोंग में सेना ने फ्लैग मार्च किया

**दीफू (असम) :** असम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हरमीत सिंह ने बुधवार को कहा कि सेना ने हिंसा प्रभावित वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में फ्लैग मार्च किया है। खेरोनी इलाके में पत्रकारों से बातचीत में सिंह ने लोगों से हिंसा में शामिल न होने की अपील की और समुदाय के बुजुर्गों से गुमराह युवाओं को यह समझाने के लिए कहा कि समस्याओं को केवल बातचीत के माध्यम से हल किया जा सकता है। हिंसा से सबसे ज्यादा खेरोनी इलाका प्रभावित हुआ है। डीजीपी ने कहा, सेना की टुकड़ियां यहां पहुंच गई हैं और उन्होंने इन इलाकों में मार्च किया है। हालात अब पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि पुलिस पिछले दो दिन में हुई हिंसा की जांच कर रही है। सिंह



ने कहा, हम दोषियों को गिरफ्तार करेंगे। पहले हालात को स्थिर होने दीजिए। कार्बी आंगलोंग के चीफ एग्जीक्यूटिव मेंबर और सीनियर बीजेपी लीडर तुलीराम रोंगहांग के डोंगकामोका स्थित घर में सोमवार को आग लगा दी गई. सरकार की हालात को काबू में करने की कोशिशों के बावजूद कार्बी आंगलोंग में तीसरे दिन भी तनाव बना रहा. मंगलवार को जब प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके तो कम से कम 38 पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई.

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को लखनऊ में एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और प्रेरणा परिसर का उद्घाटन करेंगे, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विचारकों श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित हैं। वाजपेयी की 25 दिसंबर को 101वीं जयंती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार देश के महान व्यक्तित्वों की विरासत का सम्मान करने और उसे संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''देश की महान विभूतियों की विरासत के सम्मान और संरक्षण के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। इसी कड़ी में कल दोपहर बाद करीब 2:30 बजे लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा।'' उन्होंने कहा, ''यहां वाजपेयी जी के साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की



भव्य कांस्य प्रतिमाएं भी लगाई गई हैं। इसके साथ ही एक अत्याधुनिक संग्रहालय भी विकसित किया गया है, जहां राष्ट्र निर्माण में इन दूरदर्शी नेताओं के अमूल्य यो-गदान के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।'' स अवसर पर मोदी एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। यहां जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल ''भारत के सबसे सम्मानित नेताओं'' में से एक के जीवन, आदर्शों और अमिट विरासत के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में कार्य करेगा, जिनके नेतृत्व ने देश की लोकतांत्रिक, राजनीतिक और विकासात्मक यात्रा पर गहरा प्रभाव छोड़ा।

## 'धुरंधर 2' मार्च 2026 में पांच भाषाओं में प्रदर्शित होगी

**मुंबई :** फिल्मकार आदित्य धर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। निर्माताओं ने बुधवार को यह जानकारी



दी। सच्ची घटनाओं से प्रेरित फिल्म 'धुरंधर' यह पांच दिसंबर को प्रदर्शित हुई थी। आदित्य ने फिल्म की कहानी लिखी है और इसके सहायक निर्माता भी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने भारत में करीब 597 करोड़ रुपये की कमाई की है और अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली शीर्ष 10 भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बनाई है। निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि 'धुरंधर 2' 19 मार्च 2026 को ईद और गुड़ी पड़वा के अवसर पर हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में देश-विदेश के सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रशंसक फिल्म को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे। निर्माताओं ने प्रशंसकों की मांग को ध्यान में रखते हुए धुरंधर 2 के साथ फ्रैंचाइजी का विस्तार करने का निर्णय लिया। फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन और मानव गोहिल जैसे कलाकार शामिल हैं।

## अनु गर्ग होंगी ओडिशा की पहली महिला मुख्य सचिव

**भुवनेश्वर :** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की वरिष्ठ अधिकारी अनु गर्ग को ओडिशा की अलगी मुख्य सचिव होंगी और वह राज्य के इतिहास में इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला अधिकारी होंगी। बुधवार को जारी अधिसचूना में यह जानकारी दी गई। सामान्य प्रशासन और लोक शिकायत विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, 1991 बैच की अधिकारी गर्ग, मनोज आहूजा का स्थान लेंगी, जो 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वह वर्तमान में राज्य की विकास आयुक्त हैं। उन्होंने फरवरी 2023 में विकास आयुक्त के



पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रचा था, जो राज्य में नौकरशाही का दूसरा सबसे उच्च पद है।

## '15 घंटे तक न पानी मिला, न खाना', चीन ने भारतीय व्लॉगर को घंटों तक रखा हिरासत में

### अरुणाचल पर कमेंट करना पड़ा भारी

**नयी दिल्ली :** हम बहुत छोटे लोग हैं, हमारी कोई औकात नहीं...' सोशल मीडिया पर यह कहते हुए मशहूर भारतीय ट्रैवल व्लॉगर अनंत मित्तल (जप ठेरव खपवळरप) की आंखें भर आईं। चीन की यात्रा पर गए अनंत को शायद अंदाजा भी नहीं था कि उनका एक पुराना वीडियो उन्हें चीनी अधिकारियों की आंखों की किरकिरी बना देगा। अरुणाचल प्रदेश के समर्थन में आवाज उठाना अनंत को इतना भारी पड़ा कि उन्हें चीन में करीब 15 घंटों तक बिना खाने-पीने



के हिरासत में रहना पड़ा। भारत लौटने के बाद उन्होंने अपनी इस रोंगटे खड़े कर देने वाली आपबीती शेयर की है। अनंत मित्तल 16 नवंबर को जैसे ही चीन पहुंचे, इमिग्रेशन काउंटर पर उनके पासपोर्ट पर 'अलर्ट' जारी हुआ। उन्हें तुरंत अधिकारियों ने रोका और एक अलग एरिया में ले गए, जहां पहले से ही कुछ अन्य विदेशी नागरिक मौजूद थे। दो घंटे तक किसी ने उनसे कोई बात नहीं की। फिर उन्हें एक कमरे में ले जाया गया जहां उनका फोन और कैमरा छीन लिया गया। अधिकारियों ने शायद उनके आईपैड पर ध्यान नहीं दिया, जिसकी मदद से वे बाद में अपनी आपबीती रिकॉर्ड कर पाए। हिरासत के दौरान अनंत ने बार-बार पानी और खाने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया, '15 घंटों में मुझे सिर्फ एक बार पानी दिया गया। खाने के लिए कोई सुनवाई नहीं हुई।' 12 घंटे बीतते-बीतते अनंत को यह अहसास होने लगा कि वह किसी बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं।

## वाजपेयी का कद, पदों से कहीं अधिक बड़ा था : राजनाथ



**नयी दिल्ली :** लखनऊ : रक्षा मंत्री एवं लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का कद उनके पदों से परिभाषित नहीं किया जा सकता, बल्कि उनके कर्मों और व्यक्तित्व से परिभाषित किया जा सकता है। वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित एकल कवि सम्मेलन में सिंह ने कहा कि कुछ लोग अपने पदों की वजह से सम्मान पाते हैं, जबकि कुछ लोग बिना किसी पद के अपने कार्य और चरित्र की वजह से सम्मान पाते हैं। उन्होंने कहा, अटल बिहारी वाजपेयी ऐसी ही शख्सियत थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि वाजपेयी असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे जिनकी जयंती की पूर्व संध्या पर लोग उन्हें याद करने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। यद्यपि वाजपेयी जी आज हमारे बीच नहीं हैं, उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए अब भी लोगों में भारी इच्छा है। उन्होंने कहा, सार्वजनिक जीवन में अशांति के बीच वाजपेयी हमेशा जीवंत और विनम्र रहते। सभी के प्रिय नेता के तौर पर वाजपेयी ने लोगों के मन मस्तिष्क पर एक गहरी छाप छोड़ी है, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। वाजपेयी के छात्र जीवन को याद करते हुए सिंह ने कहा कि कक्षा 10 में पढ़ाई के दौरान वाजपेयी ने अपनी पहली लोकप्रिय कविता- हिंदू तन मन, हिंदू जीवन, रग रग हिंदू मेरा परिचय लिखी। उन्होंने कहा कि यद्यपि उस उम्र का विद्यार्थी काफी युवा होता है, उस समय के कई प्रख्यात विद्वानों और बुद्धिजीवियों ने यह कविता सुनकर कहा था कि इसका लेखक कोई साधारण व्यक्ति नहीं है और वह भारत का भविष्य लिखेगा। सिंह ने कहा कि 1942 में कालीचरण कॉलेज में लगे एक शिविर के दौरान वाजपेयी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख एम एस गोलवलकर की उपस्थिति में वह कविता पढ़ी थी और पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा था।

### कर्नाटक शहरी निकाय चुनाव : भाजपा ने चार नगर पंचायतों में जीत दर्ज की

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में चार नगर पंचायतों के लिए हुए आम चुनावों के बुधवार को आए नतीजे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)ने जीत दर्ज की है। पार्टी ने इसे राज्य में कांग्रेस सरकार की ''विफलताओं और कुशासन'' की स्पष्ट अस्वीकृति बताया। भाजपा ने बेंगलुरु ग्रामीण जिले में नगर परिषद और रायचूर जिले में एक नगर पंचायत में एक-एक वार्ड पर हुए उपचुनावों में भी जीत हासिल की है। चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे। राज्य चुनाव आयोग की विज्ञप्ति के मुताबिक भाजपा ने बशेट्टीहल्ली (बेंगलुरु ग्रामीण जिला), बाजपे (दक्षिण कन्नड़), किन्निगोली (दक्षिण कन्नड़), और मानकी (उत्तरकन्नड़) नगर पंचायतों के कुल 76 वार्ड में से 47 पर जीत दर्ज की।

## प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष बिरला की सराहना की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने और संसदीय चर्चा में समावेशिता को प्रोत्साहित करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की सराहना की है। भारत की सांस्कृतिक विविधता और भाषाई विरासत का सम्मान करते हुए, लोकसभा के शीतकालीन सत्र में भारत की क्षेत्रीय भाषाओं की महिमा देखने को मिली, जब सदस्यों ने भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची के तहत मान्यता प्राप्त सभी 22 भाषाओं में एक साथ अनुवाद की सुविधा का व्यापक रूप से इस्तेमाल किया। मोदी ने 22 भाषाओं में एक साथ अनुवाद सेवा के इस्तेमाल के बारे में एक मीडिया रिपोर्ट को टैग करते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''यह देखकर बेहद खुशी हुई। भारत की सांस्कृतिक और भाषाई विविधता हमारा गौरव है। अध्यक्ष ओम बिरला जी और सभी दलों के सांसदों को संसद में इस जीवंतता को उजागर करने के लिए हार्दिक बधाई।'' इस पहल का नेतृत्व लकसभा अध्यक्ष ने किया, जिन्होंने 19 अगस्त 2025 को सदन में इस सेवा की घोषणा की थी। इस घटनाक्रम की राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में व्यापक रूप से सराहना की गई है।

## दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद ग्रैप के चौथे चरण के तहत लागू पाबंदियां हटाई गईं

**नयी दिल्ली :** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता में सुधार होने के बाद ग्रैप-4 के तहत लागू प्रतिबंध बुधवार को हटा दिए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आयोग ने दिल्ली का औसत एक्यूआई अचानक बढ़कर 450 से ऊपर पहुंच जाने के बाद 13 दिसंबर को चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) का चौथा चरण लागू किया था। एक अधिकारी ने बताया, सीएक्यूएम की जीआरएपी उप-समिति ने आज क्षेत्र में मौजूदा वायु गुणवत्ता की स्थिति और मौसम संबंधी पूर्वानुमानों की समीक्षा की। उप समिति ने पाया कि कल रात से दिल्ली का एक्यूआई काफी सुधरा है, इसके पीछे अनुकूल मौसम की स्थिति, जैसे तेज हवा, मुख्य कारण हैं। एक्यूआई फिलहाल 271 है। आईएमडी और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में दिल्ली का औसत एक्यूआई 'खराब' और 'बहुत खराब' श्रेणी के बीच रहने की आशंका है।

### ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर: कोलकाता में फैशन की नई दिशा

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर का समापन कोलकाता में फैशन और शिल्प की साहसिक नई व्याख्या के साथ हुआ। ऐतिहासिक हावड़ा ब्रिज और हुगली नदी की पृष्ठभूमि में आयोजित फिनाले शो ने पारंपरिक शिल्प को आधुनिक और भविष्यवादी अंदाज़ में पेश किया। फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के सहयोग से हुए इस शो में डिज़ाइनर अनामिका खन्ना (एके । ओके) ने ज़रदोज़ी, चिकनकारी और मिरर वर्क जैसे भारतीय शिल्प को नए रूप में गढ़ा। मेटैलिक एलिमेंट्स, प्रयोगधर्मी टेलरिंग और बोल्ड सिलुएट्स ने कलेक्शन को खास बनाया। शोस्टॉपर ईशान खट्टर की दमदार मौजूदगी ने प्रस्तुति को यादगार बना दिया। हुगली नदी में बार्ज पर हुए इस भव्य शो ने फैशन को एक जीवंत अनुभव में बदल दिया। ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने यह संदेश दिया कि विरासत और नवाचार मिलकर फैशन के भविष्य को आकार दे सकते हैं।

### सीईएस 2026: सैमसंग-गूगल जेमिनी से किचन में आएगा एआई विजन का नया युग

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग ने सीईएस 2026 में किचन अप्लायंसेस की नई रेंज पेश करने की घोषणा की है, जिसमें गूगल जेमिनी और गूगल क्लाउड से लैस विजन-आधारित एआई तकनीक प्रमुख आकर्षण होगी। कंपनी का नया बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर अब खाने-पीने की चीजों को पहले से कहीं अधिक सटीकता से पहचान सकेगा और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों को अपने आप लिस्ट में दर्ज करेगा। साथ ही, नया बीस्पोक एआई वाइन सेलर वाइन बोतलों के लेबल स्कैन कर स्टॉक और फूड-पेयरिंग की स्मार्ट जानकारी देगा। सैमसंग ने यूनिफाइड स्टेनलेस-लुक के साथ फ्रेंच डोर रेफ्रिजरेटर, स्लाइड-इन रेंज और ओटीआर माइक्रोवेव भी पेश किए हैं। कंपनी के अनुसार, यह तकनीक 'पर्सनलाइज्ड एआई किचन' की दिशा में बड़ा कदम है, जो किचन अनुभव को ज्यादा स्मार्ट, सुविधाजनक और आधुनिक बनाएगा।

### पावरअप मनी ने सीरीज़-ए में 12 मिलियन डॉलर जुटाए

**कोलकाता, समाज्ञा :** म्यूचुअल फंड सलाह देने वाली वेल्थटेक प्लेटफॉर्म पावरअप मनी ने सीरीज़-ए फंडिंग राउंड में 12 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। इस राउंड का नेतृत्व पीक एक्सवी ने किया, जबकि एक्सेल, ब्लूम वेंचर्स और केएई कैपिटल ने दोबारा निवेश किया। यह फंडिंग कंपनी की 7.2 मिलियन डॉलर की सीड फंडिंग के छह महीने बाद आई है। 2024 में स्थापित पावरअप मनी एक रिसर्च-आधारित, जीरो-कमीशन म्यूचुअल फंड सलाह प्लेटफॉर्म है। सेबी-रजिस्टर्ड आरआईए के रूप में यह निवेशकों को दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुरूप निष्पक्ष सलाह देता है। लॉन्च के आठ महीनों में प्लेटफॉर्म से 5 लाख से अधिक यूज़र जुड़े हैं और 65,000 करोड़ से ज्यादा की संपत्तियां ट्रैक की जा रही हैं। कंपनी का पेड प्रोडक्ट 'पावरअप एलिट' 999 सालाना शुल्क पर पर्सनलाइज्ड निवेश सलाह देता है, जिसके 25,000 से अधिक सदस्य हैं। नई फंडिंग से कंपनी अपनी रिसर्च क्षमताएं मजबूत करने, नई सेवाएं लॉन्च करने और देशभर में निवेश सलाह का विस्तार करेगी।

### मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने सुपर कार्गो के साथ कोलकाता बाजार में किया प्रवेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने इलेक्ट्रिक लाइट कमर्शियल व्हीकल 'सुपर कार्गो' के पहले लॉट की डिलीवरी के साथ कोलकाता बाजार में आधिकारिक प्रवेश किया। यह डिलीवरी लॉजिस्टिक्स कंपनी डेल्हीवरी के लिए की गई है, जिसे डैश-ईवी के सहयोग से लास्ट-माइल ई-कॉमर्स डिलीवरी में तैनात किया जाएगा। यह पहल पूर्वी भारत में ग्रीन और सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। सुपर कार्गो 1.2 टन जीवीडब्ल्यू और 170 क्यूबिक फीट कंटेनर क्षमता के साथ शहरी ई-कॉमर्स जरूरतों के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये ज़ीरो-एमिशन वाहन रियल-टाइम ट्रैकिंग, बेहतर ड्राइवर कम्फर्ट और लंबी बैटरी वारंटी जैसी खूबियों से लैस हैं। मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक के सीईओ दीपेंद्र शर्मा के अनुसार, यह पहल कोलकाता जैसे बड़े ई-कॉमर्स हब में स्वच्छ और स्केलेबल डिलीवरी सिस्टम को मजबूत करेगी और शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने में मददगार साबित होगी।

## 'सुशासन सप्ताह' के दौरान 17 लाख से अधिक शिकायतों का निपटारा किया गया : केंद्र सरकार

**नयी दिल्ली :** कार्मिक मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि 'सुशासन सप्ताह' के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 17 लाख से अधिक जन शिकायतों का निपटारा किया गया है। देश के हर हिस्से में सुशासन को बढ़ावा देने के लिए हर साल 19 से 25 दिसंबर तक यह सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष, सभी 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में जिला और तहसील स्तर पर सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया है। इन कार्यक्रमों में सेवा सुधार के लिए आवेदनों का निपटान करना, सीपीजीआरएएमएस और राज्य पोर्टल पर जनता की शिकायतें दूर करना, विशेष शिविर आयोजित करना, शिकायत निवारण में मिली सफलताओं के बारे में जानकारियां साझा करना आदि शामिल है। सीपीजीआरएएमएस पर लोगों को सरकारी विभागों के विरुद्ध ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराने की सुविधा मिलती है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, '' एक सप्ताह के इस कार्यक्रम के तहत अब तक 1.5 करोड़ से अधिक सेवा वितरण आवेदनों पर कार्रवाई की जा चुकी है तथा 32,000 से अधिक शिविरों और कार्यशालाओं के जरिये राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 17 लाख से अधिक जन शिकायतों का निपटारा किया गया है।''

## न्यूज ब्रीफ

### आईडब्ल्यूएल : श्रीभूमि और गढ़वाल यूनाईटेड जीते

**कल्याणी:** कप्तान डांगमेई ग्रेस के दो गोल की मदद से श्रीभूमि एफसी ने बुधवार को यहां इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) मैच में गोकुलम केरला पर 4-0 से शानदार जीत दर्ज की। ग्रेस ने चौथे और 59वें मिनट में दो गोल दागे जबकि मिडफील्डर रिम्पा हलदर ने 66वें मिनट में टीम के लिए तीसरा जबकि अंजू चानू ने 77वें मिनट में आखिरी गोल दागा। वहीं कोलकाता में गढ़वाल यूनाईटेड ने किकस्टार्ट एफसी कर्नाटक को 1-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। गढ़वाल की टीम के लिए एकमात्र गोल लिंगडेईकिम ने 79वें मिनट में दागा।

### बुमराह और पंत ने माफी मांग ली थी, कॉनराड को बेहतर शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए था: बावुमा

**जोहानिसबर्ग:** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने भारत के हालिया दौरे के दौरान की गई टिप्पणियों के बारे में बात करते हुए कहा कि जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत ने एक आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए माफी मांग ली थी। उन्होंने साथ ही माना कि दक्षिण अफ्रीका के कोच शुकरी कॉनराड को 'भारत को घुटने पर लाने' जैसी टिप्पणी करने से बचना चाहिए था। दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच वाले इस दौरे पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत में लंबे प्रारूप में 25 साल बाद जीत दर्ज की लेकिन फिर सफेद गेंद की श्रृंखला गंवा बैठा। बावुमा ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' पर अपने कॉलम में लिखा, 'मुझे पता है कि मेरे साथ एक घटना हुई थी जहां उन्होंने अपनी भाषा में मेरे बारे में कुछ कहा था। पर दिन के आखिर में दो सीनियर खिलाड़ी ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह आए और उन्होंने माफी मांग ली।' उन्होंने कोलकाता में पहले टेस्ट के दौरान हुई घटना का जिक्र किया जिसमें बुमराह और पंत ने उन्हें उनके कद पर टिप्पणी करते हुए 'बौना' कहा था। उन्होंने कहा, 'जब माफी मांगी गई तो मुझे नहीं पता था कि यह किस बारे में था।

# कोहली के शतक से दिल्ली ने आंध्र और रोहित की सेंचुरी से मुंबई ने सिक्किम को हराया




**जयपुर/बेंगलुरु :** भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए बुधवार, 24 दिसंबर का दिन खास बन गया है। टीम इंडिया के दो सबसे बड़े सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा एक बार फिर घरेलू क्रिकेट में खेलते नजर आए। दोनों दिग्गज विजय हजारे ट्रॉफी 2025 में अपनी-अपनी टीमों के लिए मैदान पर उतरे और बल्ले से जलवा बिखेरा है। विराट कोहली दिल्ली की ओर से आंध्र प्रदेश के खिलाफ शतक जड़ा, जबकि रोहित शर्मा ने मुंबई की जर्सी में सिक्किम के खिलाफ तूफानी शतक लगाया।

**कोहली के शतक से दिल्ली की शानदार जीत**

विराट कोहली के शानदार शतक की बदौलत दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले में आंध्र प्रदेश को छह विकेट से हरा दिया। यह मैच बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला गया, जहां दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली की 15 साल बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी ने युवा खिलाड़ियों को खासा उत्साहित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आंध्र प्रदेश ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 298 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 37.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। कोहली ने 84 गेंदों में शतक पूरा किया और 101 गेंदों में 14 चौकों व तीन छक्कों की मदद से 131 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 129.70 रहा। प्रियांश आर्या ने 44 गेंदों में 74 रन की तेज पारी खेली, जबकि नीतीश राणा ने 55 गेंदों में 77 रन का योगदान दिया। कप्तान ऋषभ पंत इस मैच में फ्लॉप रहे और सिर्फ पांच रन बना सके। कोहली की इस पारी ने दिल्ली की जीत को यादगार बना दिया।

**रोहित शर्मा के तूफानी शतक से मुंबई की बड़ी जीत**

रोहित शर्मा की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत मुंबई ने विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले में सिक्किम को आसानी से हरा दिया। सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सिक्किम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 50 ओवर में सात विकेट पर 236 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने महज 30.3 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। लंबे समय बाद घरेलू क्रिकेट खेल रहे रोहित शर्मा ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 62 गेंदों में आठ चौकों और आठ छक्कों की मदद से शतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने 91 गेंदों में 150 रन पूरे किए और 94 गेंदों में 18 चौकों व नौ छक्कों की मदद से 155 रन की शानदार पारी खेलकर आउट हुए। अन्य बल्लेबाजों में अंगकृष रघुवंशी ने 38 रन बनाए, जबकि मुशीर खान और सरफराज खान नाबाद रहे। रोहित की इस पारी से मुंबई की जीत एकतरफा रही।

### कोहली ने लिस्ट ए में सबसे तेज 16000 रन बनाकर तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा

**बेंगलुरु:** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार को लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16000 रन पूरे करके दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने यह उपलब्धि विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में हासिल की। वह 330 पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे जबकि तेंदुलकर ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। दिल्ली की तरफ से खेल रहे 37 वर्षीय कोहली ने आंध्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। कोहली के नाम अब लिस्ट ए में 10000 से लेकर 16000 रन सबसे कम पारियों में बनाने का रिकॉर्ड है। कोहली 15 साल के बाद विजय हजारे ट्रॉफी में खेल में रहे हैं, लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान का इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड शानदार है। उन्होंने इस प्रमुख घरेलू एक दिवसीय प्रतियोगिता में 13 मैचों में 68.25 के औसत और 106 के स्ट्राइक रेट से 819 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों से संन्यास ले चुके कोहली भारत के लिए अपना अगला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला में खेलेंगे।

# खेलरत्न के लिये हॉकी स्टार हार्दिक सिंह का नाम, दिव्या, टीजे और मेहुली अर्जुन पुरस्कार के लिये




**नयी दिल्ली:** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह के नाम की अनुशंसा इस साल मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार के लिये की गई है जबकि युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर समेत 24 खिलाड़ियों के नाम अर्जुन पुरस्कार के लिये दिये गए हैं। चयन समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। मिडफील्डर हार्दिक तोक्यो ओलंपिक 2021 और पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। इस साल एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में भी वह शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि खेल मंत्रालय से औपचारिक मान्यता मिलने के पांच साल बाद पहली बार योगासन खिलाड़ी आरती पाल का नाम भी अर्जुन पुरस्कार के लिये दिया गया है। आरती राष्ट्रीय और एशियाई चैम्पियन है। एशियाई खेल 2026 में योगासन नुमाइशी खेल के रूप में शामिल होगा। चयन समिति ने बुधवार को हुई बैठक में अर्जुन पुरस्कार के लिये 21 अन्य नाम तय किये हैं। चयन समिति में भारतीय ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष गगन नारंग, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अपर्णा पोपट और पूर्व हॉकी खिलाड़ी एम एम सोमाया शामिल हैं। उन्नीस वर्ष की देशमुख विश्व कप जीतने वाली पहली खिलाड़ी है। शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती और तेजस्विन शंकर के नाम की भी अनुशंसा की गई है जिन्होंने एशियाई खेल 2023 में रजत पदक जीता था और इस साल एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रहे। दो बार विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता राइफल निशानेबाज मेहुली घोष , जिम्नास्ट प्रणति नायक और भारत की नंबर एक महिला बैडमिंटन जोड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद के नाम की भी सिफारिश की गई है। इस सूची में कोई क्रिकेटर शामिल नहीं है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी यह पुरस्कार पाने वाले आखिरी क्रिकेटर थे जिन्हें 2023 में सम्मान मिला था। देश के सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न के साथ प्रशस्ति पत्र, पदक और 25 लाख रूपये मिलते हैं जबकि अर्जुन पुरस्कार के साथ 15 लाख रूपये दिये जाते हैं। पिछले साल चार खिलाड़ियों विश्व चैम्पियन शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश, पुरूष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार और निशानेबाज मनु भाकर को खेल रत्न से नवाजा गया था। राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिये अनुशंसा : मेजर ध्यानचंद खेल रत्न : हार्दिक सिंह (हॉकी) अर्जुन पुरस्कार : तेजस्विन शंकर (एथलेटिक्स), प्रियंका (एथलेटिक्स), नरेंदर (मुक्केबाजी), विदित गुजराती (शतरंज) , दिव्या देशमुख (शतरंज), धनुष श्रीकांत (बधिर निशानेबाजी), प्रणति नायक (जिम्नास्टिक), राजकुमार पाल (हॉकी), सुरजीत (कबड्डी), निर्मला भाटी (खोखो), रूद्रांक्ष खंडेलवाल (पैरा निशानेबाजी), एकता भयान (पैरा एथलेटिक्स), पद्मनाभ सिंह (पोलो), अरविंद सिंह(नौकायन), अखिल श्योराण (निशानेबाजी), मेहुली घोष (निशानेबाजी), सुतीर्था मुखर्जी (टेबल टेनिस), सोनम मलिक (कुश्ती), आरती (योग), त्रिसा जॉली (बैडमिंटन), गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन), लालरेम्सियामी (हॉकी), मोहम्मद अफजल (एथलेटिक्स) और पूजा (कबड्डी)

# सूर्यवंशी और गनी की तूफानी बल्लेबाजी से बिहार ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

### सूर्यवंशी ने 84 गेंद पर 190 रन बनाए

**रांची:** भारतीय क्रिकेट की युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान साकिबुल गनी की अगुवाई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से बिहार ने विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में छह विकेट पर 574 रन बनाए, जो लिस्ट ए में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड है। प्लेट ग्रुप के इस मैच में बिहार के बल्लेबाजों ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गनी (40 गेंदों में 128 रन) ने महज 32 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो लिस्ट ए क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे तेज शतक का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले सूर्यवंशी ने 84 गेंद पर 190 रन बनाए जिसमें 16 चौके और 15 छक्के शामिल हैं। उन्होंने केवल 36 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। विकेटकीपर आयुष लोहारुका ने भी 56 गेंदों में 116 रन बनाकर अपना योगदान दिया। बिहार ने अपनी पारी में 49 चौके और 38 छक्के लगाए। सूर्यवंशी, गनी और लोहारुका के शतकों की बदौलत बिहार ने तमिलनाडु के लिस्ट ए में सर्वाधिक स्कोर के पिछले रिकार्ड को तोड़ दिया। तमिलनाडु में नवंबर 2022 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ ही दो विकेट पर 506 रन बनाए थे। लिस्ट ए में भारत की तरफ से सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड इससे पहले पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम पर था, जिन्होंने 2024 में इसी टीम के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाया था।



# पडिक्कल की 147 रन की पारी से ईशान का शतक बेअसर, कर्नाटक की शानदार जीत

**अहमदाबाद:** देवदत्त पडिक्कल की शानदार 147 रन की शतकीय पारी ने ईशान किशन के विस्फोटक शतक पर पानी फेर दिया और कर्नाटक ने विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप-ए मुकाबले में झारखंड को बुधवार को पांच विकेट से हरा दिया। कर्नाटक ने 15 गेंद शेष रहते 413 रन का विशाल लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का कर्नाटक का फैसला उस समय गलत साबित होता दिखा, जब ईशान किशन ने सिर्फ 39 गेंदों में सात चौकों और 14 छक्कों की मदद से 125 रन ठोक दिए। शिखर मोहन (44), विराट सिंह (88) और कुमार कुशाग्र (63) के योगदान से झारखंड ने नौ विकेट पर 412 रन बनाए। विराट और कुशाग्र ने चौथे विकेट के लिए 129 रन की अहम साझेदारी की। कर्नाटक की ओर से अभिलाष शेट्टी ने 72 रन देकर चार विकेट लिए। जवाब में कप्तान मयंक अग्रवाल ने 34 गेंदों में 54 रन बनाए और पडिक्कल के साथ 11.5 ओवर में 114 रन जोड़े। पडिक्कल ने 118 गेंदों में दस चौके और सात छक्कों की मदद से 147 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। अंत में अभिनव मनोहर (नाबाद 56) और ध्रुव प्रभाकर (नाबाद 40) ने छठे विकेट के लिए 41 गेंदों में नाबाद 88 रन जोड़कर टीम को जीत दिलाई। अन्य मुकाबलों में तमिलनाडु ने पुडुच्चेरी को 101 रन से, मध्यप्रदेश ने राजस्थान को 99 रन से और केरल ने त्रिपुरा को 145 रन से हराया।





# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 116 अंक फिसला



**मुंबई:** मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच क्रिसमस से एक दिन पहले बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में कारोबार का रुख सुस्त रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 116 अंक और निफ्टी 35 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 116.14 अंक यानी 0.14 प्रतिशत गिरकर 85,408.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 85,738.18 अंक के उच्च स्तर तक गया और 85,342.19 अंक के निचले स्तर तक आया। यह सेंसेक्स में गिरावट का लगातार दूसरा दिन है। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 35.05 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,142.10 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को निफ्टी मामूली बढ़त के साथ लगभग स्थिर रहा था। सेंसेक्स की कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर एवं टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट रही। इसके विपरीत ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी और पावर ग्रिड के शेयर लाभ में रहे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'स्थिर शुरुआत के बाद निफ्टी किसी ताजा संकेत के अभाव में अधिकांश कारोबारी सत्र में सीमित दायरे में रहा। वैश्विक संकेतों ने शुरुआती कारोबार में निवेशक धारणा को प्रभावित करना जारी रखा।' व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.37 प्रतिशत गिर गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप में 0.14 प्रतिशत की गिरावट रही।

### अल हिंद एयर, फ्लाईएक्सप्रेस को उड़ान भरने के लिए सरकार से मंजूरी मिली

**नयी दिल्ली:** अल हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस जल्द ही उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। इन विमानन कंपनियों को नागर विमानन मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल गया है। इन दो कंपनियों के अलावा उत्तर प्रदेश स्थित शंख एयर को पहले ही एनओसी मिल चुका है। इसके 2026 में परिचालन शुरू करने की संभावना है। मंत्रालय देश में और अधिक विमानन संचालकों को लाने के लिए उत्सुक है जो विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते घरेलू नागर विमानन बाजारों में से एक है। वर्तमान में, देश में नौ नियमित घरेलू विमानन कंपनियां सेवा दे रही हैं। क्षेत्रीय विमानन कंपनी फ्लाई बिग ने अक्टूबर में नियमित उड़ानें निलंबित कर दी थीं।

### भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए के तहत किसानों के हितों की रक्षा के लिए सेब पर सभी रक्षोपाय लागू

**नयी दिल्ली:** भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के तहत न्यूजीलैंड को सेब के आयात के संदर्भ में एक संतुलित और निर्धारित रूप से बाजार पहुंच प्रदान की गई है। साथ ही घरेलू किसानों के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय भी किए हैं। बुधवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। समझौते के तहत न्यूजीलैंड से सेब आयात के लिए तय किये गये कोटे के अंदर ही 25 प्रतिशत की रियायती सीमाशुल्क सुविधा उपलब्ध है, जिसके लिए सोमवार को बातचीत पूरी हुई। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दिया है, और इसके सात-आठ महीनों में लागू होने की उम्मीद है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, 'तय कोटा से ज्यादा किसी भी आयात पर बिना किसी रियायत के 50 प्रतिशत का पूरी मौजूदा सीमाशुल्क लगेगा।' उसने कहा, एफटीए में, न्यूजीलैंड से सेब के आयात के लिए एक संतुलित और सुनिर्दिष्ट बाजार पहुंच प्रदान की गई है ताकि यह पक्का किया जा सके कि घरेलू किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा हो।

### एमएएसी ने लॉन्च किए कैरियर एक्स और क्रिएटर एक्स, छात्रों को डिजिटल क्रिएटर बनने का अवसर

**कोलकाता, समाज्ञा** : एमएएसी (माया एकेडमी ऑफ एडवांस्ड क्रियेटीविटी) ने अपने छात्रों के लिए भारत के पहले उद्योग -सहयोगित शैक्षणिक कार्यक्रम कैरियर एक्स और क्रिएटर एक्स की शुरुआत की। ये कार्यक्रम एनीमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग और डिजिटल कंटेंट निर्माण में छात्रों को वास्तविक उद्योग अनुभव के साथ तैयार करेंगे। कैरियर एक्स छात्रों को करियर-ओरिएंटेड कौशल और रोजगार अवसरों के लिए प्रशिक्षित करेगा, जबकि क्रिएटर एक्स भविष्य के डिजिटल क्रिएटर्स और स्टोरीटेलर्स को तैयार करने पर केंद्रित है। कार्यक्रम में छात्रों को एआई-आधारित वर्कफ्लो, मल्टी-प्लेटफॉर्म पब्लिशिंग, ब्रांडिंग और मॉनेटाइजेशन जैसे व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए जाएंगे।एमएएसी के पूर्णकालिक निर्देशक, संदीप वेलिंग ने कहा, यह पहल छात्रों को तकनीकी रूप से मजबूत, उद्योग-अनुरूप और भविष्य-तैयार बनाने में सहायक है। केरियर एक्स और क्रिएटर एक्स उद्योग की जरूरतों और रियल-लाइफ अनुभवों से छात्रों को लैस करेंगे।

### मोदी सरकार सहकारिता क्षेत्र के ज़रिये किसानों को खुशहाल बनाने के लिए कर रही काम : शाह




**चंडीगढ़:** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र के ज़रिये किसानों को खुशहाल बनाने की दिशा में काम किया है। पंचकूला में एक कार्यक्रम में शाह ने कहा कि सरकार ने खेती के आधार को मजबूत किया है और सहकारिता आंदोलन के जरिये किसानों को खुशहाल बनाने के लिए काम कर रही है। कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) की 'सहकारिता से खुशहाली - टिकाऊ खेती में सहकारिता की भूमिका' पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि नई कृषि नीति खेती में पानी और रसायनों के इस्तेमाल कम करने पर ध्यान केन्द्रित करती है। उन्होंने कहा कि सरकार एक या दो महीने में सहकारिता क्षेत्र में कैब सेवाओं से संबंधित ऐप 'भारत टैक्सी' शुरू करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, 'देश में ड्राइवर, तिपहिया चालकों, युवाओं का एक बड़ा समूह है जो अपनी मोटरसाइकिल को टैक्सी की तरह चलाते हैं। देश में कई कंपनियां हैं जो टैक्सी चलाने में लगी हुई हैं, लेकिन मुनाफा मालिकों को जाता है, टैक्सी ड्राइवरों को नहीं।' उन्होंने कहा कि इसका मकसद वाणिज्यिक वाहन चलाने वालों की निजी कंपनियों पर निर्भरता खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय की पहल के जरिये, 'हम एक या दो महीने में भारत टैक्सी लाएंगे और मुनाफे का हर पैसा चालकों को जाएगा।' शाह ने पहले लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा था कि डिजिटल ऐप, 'भारत टैक्सी', को सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड चलाएगी, जो एक बहु-राज्यीय सहकारिता सोसायटी है और एमएससीएस कानून 2002 के तहत छह जून, 2025 को पंजीकृत है। खेती के क्षेत्र के बारे में, शाह ने कहा कि मिट्टी की सेहत, पानी की सुरक्षा, संस्थागत ऋण, बाजार पहुंच, उत्पाद प्रसंस्करण और पैकिंग और विपणन के जरिये देश खेती के क्षेत्र को टिकाऊ खेती में बदलने की ओर बढ़ गया है।


## अब पूर्वी भारत में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑटोमेटिक रोबोटिक सर्जरी

पूर्वी भारत में संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के अग्र-दूत, **डॉ. संतोष कुमार,** बताते हैं कि एआई-सशक्त सक्रिय स्वचालित रोबोट सीयूवीआईएस सर्जनों के लिए आंखों की एक अतिरिक्त जोड़ी के रूप में कार्य करता है और सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और बुजुर्ग और बड़े जोखिम वाले रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



Dr. Santosh Kumar
Orthopaedic and Joint Replacement Surgeon

अब तक, विभिन्न आर्थोपेडिक सर्जरी में निष्क्रिय और अर्ध-सक्रिय रोबोटों का उपयोग किया गया है। अब, प्रौद्योगिकी की उन्नति ने मनुष्य की भलाई के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ एक गांठ बांध ली है। इसे ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अग्रणी ऑर्थोपेडिक सर्जन और पूर्वी भारत में प्रमुख ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ संतोष कुमार ने अब पूर्वी भारत में ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए अल-पावर्ड सक्रिय स्वचालित रोबोट पेश किया है। सीयूवीआईएस जैसे सक्रिय रोबोटों में एक सक्रिय स्वचालित रोबोटिक भुजा होती है जो पूर्व-योजना, अनुकरण, आकार और अभिविन्यास के साथ-साथ पूर्व-संचालन निर्धारण की अनुमति देती है और अंत में शून्य त्रुटि के साथ योजना के अनुसार हड्डी को तैयार करने का काम करती है। सर्जरी के सभी चरण स्वचालित रूप से ही होते रहते हैं और सर्जन रोबोट को हाथ से पकड़े हुए रिमोट से नियंत्रित करता है।

हालांकि पूरी प्रक्रिया इस सक्रिय स्वचालित रोबोट द्वारा की जाएगी लेकिन पूरी प्रक्रिया को डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में कुशल आर्थोपेडिक सर्जनों की टीम द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।




**ADVANTAGES**

- इंसान की आंखें एक मिली मीटर से करीब दो बिंदुओं में अंतर नहीं कर सकती हैं, लेकिन रोबोट एक मिलीमीटर के दसवें हिस्से तक माप का सटिक आंकलन कर सकता है। इसलिए, एक सर्जन अत्यंत सबमिली मीटर सटीकता के साथ सटीक प्रदर्शन कर सकता है।
- सर्जरी में सीयूवीआईएस का उपयोग करने की एक और खासियत अनुकूलित सरेखण भी है। यह सक्रिय रोबोट घुटने के प्रतिस्थापन में अति-उच्च परिशुद्धता के साथ हासिल किया जाता है। यह चलने की स्थिरता को पुनर्स्थापित करता है। इस प्रकार, यह एक सुरक्षित तकनीक है।
- 0% मानव त्रुटि होने की संभावना।
- सीयूवीआईएस अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण, चिकनी हड्डी के कारण पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी को भी तेज करता है। कटौती, प्रत्यारोपण की अनुकूलित नियुक्ति, कम खून का बहना और कम दर्द, रिकवरी में तेजी लाती है।

**प्रत्यारोपण में इसकी लंबी उम्र है।**

**Institute of Robotic Joint Replacement Surgery (Belle Vue Clinic)**

Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089

More information call us 9831911584/9831266632

Visit our website www.mykneemylife.org


वर्ष 10, पूर्णांक 3453 अंक 263, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in